आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार, 13 नवंबर 2024 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-223 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

बारदाना गोदाम में भीषण आग

जगदलपुर,13 नवंबर। पूरे प्रदेश के साथ जिले में 14 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी से पहले बड़ा हादसा हो गया है. जगदलपुर से सटी अड़ावाल इलाके में देर रात बारदाने के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे गोदाम में रखा सारा बारदाना जलकर खाक हो गया. जानकारी के अनुसार, बोधघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित बारदाना गोदाम में आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत की. काफी प्रयासों के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने की वजह गोदाम के पास पटाखे जलाना बताया जा रहा है. पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है.

आप लड़ेगी स्थानीय चुनाव

कोंडागांव,13 नवंबर। जिले में आम आदमी पार्टी ने जिला स्तरीय बैठक का आयोजन फरसगांव ब्लाक मुख्यालय के मंडी प्रांगण में आयोजित की गई बैठक में आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में विस्तृत से चर्चा कर नगरीय निकाय/पंचायत चुनाव में प्रत्याशी चयन से लेकर वार्डों का निरीक्षण कर शहर एवं ग्राम पंचायत में सक्रिय रहकर कार्य करने की बात कही गई ।

नितिन गडकरी के हेलीकॉप्टर की ईसी अधिकारियों ने की जांच

मुंबई,13 नवंबर। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए लातूर पहुंचे बीजेपी के दिग्गज नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के हेलीकॉप्टर की चुनाव आयोग के अधिकारियों ने जांच की है। हेलीकॉप्टर की चुनाव अधिकारियों ने महाराष्ट्र के लातूर में जांच की। केंद्रीय मंत्री के हेलीकॉप्टर की जांच से पहले चुनाव अधिकारियों ने उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर की जांच की थी। उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर और बैग की दो दिन में दो बार चेकिंग की गई थी। दरअसल सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार को लातूर जिले के औसा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी अभिमन्यु पवार के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे थे। इसी दौरान निर्वाचन आयोग की टीम वहां पहुंची और अधिकारियों ने उनके हेलिकॉप्टर और बैग की चेकिंग की। इससे पहले शिवसेना के चीफ उद्धव ठाकरे की दो दिन में दो बार चोकिंग की गई थी।

ट्रंप कैबिनेट का हिस्सा बने एलन मस्क और भारतवंशी विवेक रामास्वामी

वाशिंगटन,13 नवंबर। अगले साल 20 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने से पहले, डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी टीम को बनाने में जुटे है. कई महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों के बाद, उन्होंने एलॉन मस्क और विवेक रामास्वामी को महत्वपूर्ण काम सौंपा है. ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि एलॉन मस्क और विवेक रामास्वामी विभाग की अगुवाई करेंगे. सोशल मीडिया पोस्ट कर ट्रंप ने इसकी जानकारी दी. ट्रंप ने बताया कि वह बड़े एलॉन मस्क और अमेरिकी देशभक्त विवेक रामास्वामी के साथ मिलकर सरकारी एफिशियंसी डिपार्टमेंट की अगुवाई करेंगे, जो बचाने वाले अमेरिका अभियान के लिए आवश्यक है. दोनों महान लोग मिलकर मेरी सरकार में ब्यूरोक्रेसी को साफ करने से लेकर बेफिजूल खर्च को कम करने, रिप्लिकन नेताओं ने लंबे समय से DOGE के उद्देश्यों को पूरा करने का सपना देखा है. वे गैरजरूरी नियमों को खत्म करने और संघीय एजेंसियों को फिर से बनाने पर काम करेंगे, जो संभवतः हमारे समय का मैनहट्टन प्रोजेक्ट बन सकता है. मैनहटन प्रोजेक्ट अमेरिकी सरकार का था, जिसके तहत अमेरिका ने परमाणु बम बनाए. अमेरिकी कैबिनेट में शामिल होने पर मस्क ने कहा कि डिपार्टमेंट ऑफ गवर्मेंट एफिशियंसी, इससे सरकारी धन बर्बाद करने वालों को सीधा संदेश जाएगा.

बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने खींची 'लक्ष्मण रेखा'

जारी की गाइडलाइंस, कहा- सरकारी शक्तियों के दुरुपयोग को मंजूरी नहीं दे सकते

नई दिल्ली,13 नवंबर। बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अहम फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाते हुए गाइडलाइंस की 'लक्ष्मण रेखा' खींच दी है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस विश्वनाथन की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ये आदेश किसी एक राज्य के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए है। कोर्ट ने कहा है कि किसी का घर सिर्फ इस आधार पर नहीं तोड़ा जा सकता कि वह किसी आपराधिक मामले में दोषी या आरोपी है। हम सरकारी शक्तियों के दुरुपयोग को मंजूरी नहीं दे सकते। ऐसा हुआ तो देश में अराजकता आ जाएगी। कोर्ट ने कहा कि अफसर जज नहीं बन सकते। वे तय न करें कि दोषी कौन है। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए 15 निर्देश भी दिए हैं। इससे पहले बेंच ने 1 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। तब बेंच ने साफ किया था कि फैसला आने तक देशभर में बुलडोजर एक्शन पर रोक जारी रहेगी।

कोर्ट ने कहा है कि किसी का घर सिर्फ इस आधार पर नहीं तोड़ा जा सकता कि वह किसी आपराधिक मामले में दोषी या आरोपी है। हमारा आदेश है कि ऐसे में प्राधिकार कानून को ताक पर रखकर बुलडोजर एक्शन जैसी कार्रवाई नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट का ये आदेश किसी एक राज्य के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए है। कोर्ट ने कहा है कि मौलिक अधिकारों को आगे बढ़ाने और वैधानिक अधिकारों को साकार करने के लिए कार्यपालिका को निर्देश जारी किए जा सकते हैं। फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह स्पष्ट है कि शक्ति के मनमाने प्रयोग की अनुमति नहीं दी जा सकती। जब नागरिक ने कानून तोड़ा है तो अदालत ने राज्य पर कानून और व्यवस्था बनाए रखने और उन्हें गैरकानूनी कार्रवाई से बचाने का दायित्व डाला है। इसका पालन करने में विफलता जनता के विश्वास को कमजोर कर सकती है और अराजकता को जन्म दे सकती है। हालांकि व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करना महत्वपूर्ण है संवैधानिक लोकतंत्र को कायम रखते हुए हमने माना है कि राज्य सत्ता के मनमाने प्रयोग पर लगाम लगाने की जरूरत है, ताकि व्यक्तियों को पता चले कि उनकी संपत्ति उनसे मनमाने ढंग से नहीं छीनी जाएगी।

कोर्ट के आदेश के मुताबिक बुलडोजर एक्शन को लेकर कम से कम 15 दिन की मोहलत दी जानी चाहिए। नोडिल अधिकारी को 15 दिन पहले नोटिस भेजना होगा। नोटिस विधिवत तरीके से भेजा जाना चाहिए। यह नोटिस निर्माण स्थल पर चस्पाना होगा। इस नोटिस को डिजिटल पोर्टल पर डालना होगा। कोर्ट ने इसके लिए तीन महीने के भीतर पोर्टल बनाने को कहा है। पोर्टल पर इन नोटिसों का जिक्र करना जरूरी होगा।कोर्ट ने कहा कि कानून की प्रकिया का पालन जरूरी है। सत्ता का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं होगा। अधिकारी अदालत की तरह काम नहीं कर सकते। प्रशासन जज नहीं हो सकता। किसी की छत छीन लेना अधिकारों का हनन है। कोर्ट ने फैसले में साफ कहा है कि हर जिले का डीएम अपने क्षेत्राधिकार में किसी भी संरचना के विध्वंस को लेकर एक नोडल अधिकारी को नियुक्त करेगा। यह नोडल अधिकारी इस पूरी प्रक्रिया को सुनिश्चित करेगा कि संबंधित लोगों को नोटिस समय पर मिले और इन नोटिस पर जवाब भी सही समय पर मिल जाए। इस तरह किसी स्थिति में बुलडोजर की प्रक्रिया इसी नोडल अधिकारी के जरिए होगी।

11वीं के छात्र ने हॉस्टल में लगाई फांसी

नारायणपुर,13 नवंबर। जिले के 500 सीटर शासकीय बालक बुनियादी आदर्श उच्चतर माध्यमिक छात्रावास विद्यालय में ग्यारहवीं के छात्र योगेश कुमार वट्टी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र का शव मंगलवार शाम हॉस्टल रूम में सीलिंग पंखे पर माफ्रदानी के सहारे फंदे पर लटका मिला। हॉस्टल अधीक्षक ने बताया की मंगलवार शाम 4.50 पर मैं आया तब देखा छात्र योगेश कुमार वट्टी फंदे पर लटका मिला जिसे देखने के बाद तत्काल पुलिस को सूचना दिया सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची शव को नीचे उतारा शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल नारायणपुर भेजा गया.

दक्षिण विधानसभा उपचुनाव: मतदाताओं में कुछ खास उत्साह नहीं

दोपहर 1 बजे तक 28.37 प्रतिशत मतदान

रायपुर,13 नवंबर। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए सुबह 7 बजे से मतदान जारी है. उपचुनाव में मतदान के प्रति मतदाताओं में उत्साह नजर नहीं आया। कुछ ही मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की लंबी कतार नजर आयी। हलांकि दोपहर भीड़ बढ़ी किन्तु सुबह अधिकांश बूथ खाली ही नजर आये। महिलाओं की अच्छी उपस्थिति देखी गयी। इस बीच निर्वाचन आयोग ने दोपहर 1 बजे तक के मतदान का आंकड़ा जारी कर दिया है. आयोग द्वारा जारी आंकड़े के मुताबिक़ दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में 28.37प्रतिशत मतदान हो चुका था।

बता दें कि रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए आज वोट डाले जा रहे हैं, जिसका परिणाम 23 नवंबर को जारी किया जाएगा. दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों की बात करें तो क्षेत्र की 2 लाख 71 हजार 169 मतदाता, जिनमें 1 लाख 33 हजार 800 पुरुष और 1 लाख 37 हजार 317 महिला मतदाताओं के साथ 52 तृतीय लिंग मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे.

छत्तीसगढ़ में 14 से शुरू होगी धान खरीदी

खाद्य मंत्री दयालदास बोले - किसानों का धान खरीदना सरकार की प्राथमिकता

रायपुर,13 नवंबर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में 14 नवंबर से धान की खरीदी शुरू होने जा रही है. धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक प्रारंभिक तैयारियां पूरी कर ली गई है. खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की योजना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है. मंत्री बघेल ने आज अपने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में राज्य स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी व्यवस्था की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली. बैठक में अपर मुख्य सचिव ने मंत्री बघेल को अवगत कराया कि धान उपार्जन के संबंध में संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं. राज्य में 2739 उपार्जन केन्द्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जाएगा. खाद्य मंत्री बघेल ने बताया कि इस खरीफ सीजन के लिए प्रदेश में पंजीकृत कृषकों की संख्या 27,01,109 है. इस वर्ष 1,35,891 नये किसान पंजीकृत हुए हैं, जिससे 1,36,263 हेक्टेयर नवीन रक्बों का पंजीयन किया गया है. कुल 34,51,729 हेक्टेयर रक्बे में पंजीयन अनुसार धान उपार्जन का अनुमान है. सभी उपार्जन केन्द्रों में बायोमैट्रिक डिवाईस के माध्यम से उपार्जन की व्यवस्था की गई है. छोटे, सीमांत और बड़े कृषकों के द्वारा उपजाये गए धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जाएगा. इसके लिए 07 नवंबर से ही टोकन आवेदन की व्यवस्था आरंभ कर दी गई है. खरीदी सीजन में लघु एवं सीमांत कृषकों को अधिकतम 2 टोकन एवं बड़े कृषकों को 3 टोकन की पात्रता होगी. मंत्री बघेल ने बताया कि धान खरीदी अवधि 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 के दौरान किसान अपना धान खरीदी केन्द्रों

में लाकर समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकते है. खरीदी केंद्रों में तौल के लिए इलेक्ट्रानिक कांटा-बांट की व्यवस्था किया गया है. खरीदी केंद्रों से धान का उठाव मिलर एवं परिवहनकर्ता के माध्यम से समयानुसार कराने के निर्देश दिए गए हैं. सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था से लेकर छांव, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है. बैठक में अधिकारियों ने बताया कि धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर भी चस्पा कर दिये गये हैं. विपणन संघ मुख्यालय स्तर पर शिकायत निवारण के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना भी की गई है, जिसका नं. 0771-2425463 है. धान बेचने वाले किसानों को समय पर भुगतान के लिए मार्कफेड द्वारा राशि की व्यवस्था कर ली गई है. समितियों में राशि आहरण के लिए ''माइक्रो एटीएम'' की व्यवस्था भी दी जा रही है, जिससे कि किसानों को सुविधा हो. किसानों द्वारा समिति में धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर राशि किसानों के बैंक खाते में अंतरित कर दी जायेगी. खाद्य मंत्री बघेल के निर्देश पर धान रिसाइकलिंग बोगस खरीदी पर नियंत्रित करने के लिए अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय टीम द्वारा राज्य के अलग अलग संभागों में जिला कलेक्टरों के साथ संभाग स्तर पर विशेष कार्ययोजना बनाई गई है. राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है एवं चेक पोस्ट की स्थापना की गई है. मंडी विभाग द्वारा मंडी अधिनियम के तहत जिलों में अधिकृत व्यापारियों की सूची जिला प्रशासन के साथ साझा किया गया है. ए-एआईसी द्वारा तैयार मोबाइल एप्प के माध्यम से गिरदावरी के खसरों का पुनः सत्यापन लगातार जारी है. मार्कफेड द्वारा राज्य स्तर पर एकीकृत कंट्रोल कमांड सेंटर स्थापित कर राईस मिल एवं उपार्जन केन्द्रों पर रियल टाइम निगरानी रखी

दक्षिण सीट और झारखंड में भाजपा ही आयेगी: साय

रायपुर,13 नवंबर। छत्तीसगढ़ के रायपुर दक्षिण विधानसभा और झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान जारी है. इसी बीच छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने मीडिया से बातचीत में चुनाव को लेकर बयान दिया है. उन्होंने कहा कि मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि झारखंड में भी भाजपा की सरकार बन रही है. इसके अलावा उन्होंने रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिए कहा कि हमारे (भाजपा) प्रत्याशी सुनील कुमार सोनी जीत रहे हैं. बता दें, रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट शुरू से ही भाजपा का किला रही है. सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लगातार 8 बार इस सीट पर जीत हासिल की है. इस वजह से भी भाजपा को रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में जीत का पूरा विश्वास है. हालांकि, उपचुनाव में इस बार भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी (पूर्व रायपुर सांसद) के साथ युवा नेता आकाश शर्मा का सीधा मुकाबला देखने को मिल रहा है. दोनों के बीच कांटे की टक्कर हो सकती है. वहीं झारखंड में भी भाजपा काफी कॉन्फिडेंट नजर आ रही है. अब जनता किसे जनादेश देगी यह देखना दिलचस्प होगा.

चीन में ड्राइवर ने सैकड़ों की भीड़ पर चढ़ा दी कार, 35 की मौत

बीजिंग,13 नवंबर। दक्षिण चीन के झुहाई शहर में एक सनकी चालक ने स्पोर्ट्स सेंटर में व्यायाम कर रहे सैकड़ों लोगों पर कार चढ़ा दी, जिससे कम से कम 35 की मौत ,43 से अधिक घायल हो गए. आरोपी चालक हिरासत में लिया गया है और पुलिस जांच कर रही है कि क्या यह हमला एक हादसा था या एक साजिश. पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी है. मंगलवार से झुहाई एयर शो शुरू हो गया है. पुलिस ने कहा सोमवार रात को कार ने कई पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी थी, व्यक्ति की पहचान केवल उसके उपनाम फैन से हुई है.

मोदी दुनिया के बड़े शांतिदूतों में से एक, नोबेल शांति पुरस्कार के हकदार: मोबियस

नई दिल्ली,13 नवंबर। दिग्गज निवेशक मार्क मोबियस का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में दुनिया के सबसे बड़े शांतिदूतों में से एक बनने की क्षमता है. उन्होंने कहा कि वैश्विक मंच पर राजनीतिक विभाजन को पाटने की अपनी क्षमता के लिए पीएम मोदी नोबेल शांति पुरस्कार के हकदार हैं. 88 वर्षीय मोबियस ने पीएम मोदी की कूटनीतिक सूझबूझ की प्रशंसा की. मोबियस ने पीएम मोदी को एक महान नेता होने के साथ-साथ एक महान इंसान भी बताते हुए कहा कि उनकी विविध राजनीतिक विचारों से जुड़ने की क्षमता उन्हें शांति के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में स्थापित करती है. उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रूप से बढ़ेगी, क्योंकि वे वैश्विक स्तर पर राजनीतिक स्पेक्ट्रम के सभी पक्षों के साथ बातचीत करने में सक्षम हैं. वे आगे चलकर एक बहुत ही महत्वपूर्ण शांतिदूत बन सकते हैं.पहले उभरते बाजारों के फंड की शुरुआत करने के लिए दुनियाभर में जाने जाने वाले मोबियस, ने सुझाव

देने से पीछे नहीं हटे कि पीएम मोदी नोबेल शांति पुरस्कार के योग्य हैं. उनके अनुसार, पीएम मोदी ÷वास्तव में लगभग हर चीज के लिए सक्षम हैं और उन्होंने खुद को इस वैश्विक सम्मान के योग्य साबित किया है. भारत के कूटनीतिक रुख पर विचार करते हुए मोबियस ने विश्व मंच पर एक निष्पक्ष और तटस्थ खिलाड़ी के रूप में देश की अनूठी स्थिति की ओर इशारा किया. मोबियस ने कहा, भारत ने तटस्थ रहने और सभी के प्रति निष्पक्ष रहने की अपनी क्षमता दिखाई है, और देश शांति के लिए मध्यस्थ के रूप में कार्य करने की बहुत अच्छी स्थिति में है.÷ वैश्विक मामलों में संभावित प्रमुख मध्यस्थ के रूप में पीएम मोदी की योग्यता को रेखांकित करते हुए कहा. भारत की तटस्थता, विशेष रूप से रूस-यूक्रेन संघर्ष में, पीएम मोदी को लगातार शांति और स्थिरता का आह्वान करने की अनुमति देती है. अगस्त में यूक्रेन की उनकी यात्रा, 1992 में राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा, युद्धग्रस्त क्षेत्रों में संवाद और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है.

जनजातीय गौरव दिवस पर जशपुर में पदयात्रा शुरू

रायपुर,13 नवंबर। भगवान बिरसा मुंडा 'माटी के वीर पदयात्रा' आज जशपुर के पुरना नगर मैदान से हुई शुरू. पदयात्रा में केंद्रीय युवा कार्यक्रम, खेल, श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 10 हज़ार से अधिक माय भारत युवा स्वयसेवकों के साथ पदयात्रा कर रहे हैं. माटी के वीर पदयात्रा में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग, कृषि विकास एवं कृषि कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिक विभाग मंत्री रामविचार नेताम, खेल एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री टंक राम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद राधेश्याम राठिया, सरगुजा क्षेत्र विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक श्रीमती गोमती साय, विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, विधायक रामकुमार टोप्पो, विधायक सुशांत शुक्ला, राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रियम्वदा सिंह जूदेव शामिल हैं. पदयात्रा विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए समापन रणजीता स्टेडियम में होगा. भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी और भगवान बिरसा मुंडा की वेशभूषा धारण किए युवा पदयात्रा की शोभा बढ़ा रहे हैं.

स्पोर्ट्स स्टेडियम की घोषणा

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया आज जशपुर में जनजातीय गौरव दिवस समारोह में शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने जशपुर को बड़ी सौगात दी है. उन्होंने सीएम साय की मांग पर जिले में खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम की घोषणा की है. उन्होंने कहा कि इसी स्टेडियम में खेला हुआ आदिवासी खिलाड़ी ओलंपिक खेलेगा. यही शुभकामना है.

डंके की चोट पर वक्फ कानून में संशोधन करेगी मोदी सरकार: शाह

नई दिल्ली,13 नवंबर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हुंकार भरते हुए कहा कि डंके की चोट पर नरेंद्र मोदी सरकार वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन करेगी, चाहे कुछ भी हो और उसके बाद कोई भी निजी भूमि को वक्फ संपत्ति घोषित नहीं कर पाएगा। शाह ने कहा कि महा विकास अघाड़ी बदलावों के खिलाफ है, लेकिन वक्फ बोर्ड के संबंध में कानून में संशोधन का विधेयक जल्द ही संसद में पारित किया जाएगा। शाह ने काह कि अभी-अभी हमारी सरकार ने वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन का बिल रखा। भाजपा नेता ने कहा कि कुछ दिन पहले कांग्रेस शासित कर्नाटक में गांव के गांव वक्फ की संपत्ति घोषित कर दिए गए। कई मंदिर,

लोगों के घर, किसानों की जमीन भी वक्फ की संपत्ति घोषित कर दी गईं, लेकिन वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन के बाद आपकी जमीन वक्फ नहीं ले सकता। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार वक्फ कानून डंके की चोट पर बदलने वाली है फिर किसी की जमीन या घर को वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जाएगा। ये आज़ाद भारत है और ऐसा करने की इजाज़त किसी को नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी-अभी उलेमाओं का एक बड़ा हुजूम महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से मिला और उनको आवेदन पत्र देकर मांग की कि मुसलमानों को 10 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। शाह ने कहा कि इस देश में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा चुका है, और अगर कांग्रेस मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती हैं, तो किसी का आरक्षण काटना पड़ेगा। ये ओबीसी, दलित, आदिवासी का आरक्षण काटकर अपने वोट बैंक को देंगे। उन्होंने सौफ तौर पर कहा कि हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। मैं आज घाटकोपर की जनता से कह कर जाता हूं कि जिनता जोर लगाना है, राहुल बाबा और कंपनी लगा लो, ओबीसी, दलित, आदिवासियों के आरक्षण की सुरक्षा हम करेंगे। वक्फ अधिनियम 1995, मूल रूप से वक्फ संपत्तियों को विनियमित करने के लिए स्थापित किया गया था, लेकिन इसे कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण के मुद्दों पर लंबे समय से आलोचना का सामना करना पड़ा है। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024, जिसे इस अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया था.

आईपीएस जीपी सिंह के खिलाफ राजद्रोह का मामला रद्द

रायपुर,13 नवंबर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी आईपीएस जीपी सिंह को बड़ी राहत देते हुए तत्कालीन सरकार में उनके खिलाफ लगे राजद्रोह के मामले में सभी प्रोसिडिंग को रद्द कर दी है। आय से अधिक संपत्ति, राजद्रोह और ब्लैकमेलिंग केस में फंसे आईपीएस जीपी सिंह को हाईकोर्ट से राहत मिल गयी है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की बेंच ने उनके खिलाफ दर्ज तीनों FIR को निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि इस तरह से परेशान करने के लिए झूठे केस दर्ज कर फंसाया गया है। किसी भी केस में उनके खिलाफ ठोस सबूत नहीं है। आपको बता दें कि कैट के फैसले के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने आईपीएस जीपी सिंह की बहाली की अपनी तरफ से हरी झंडी पहले ही दे दी है। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के महाधिवक्ता से इस बारे में उनकी राय मांगी थी। बताते हैं, महाधिवक्ता ने अपनी टीप में लिखा है कि, इस केस में कैट के फैसले के खिलाफ अपील करने का कोई तुक नहीं है। महाधिवक्ता की टिप्पणी के साथ राज्य सरकार ने फाइल पिछले सप्ताह भारत सरकार को भेज दिया। चूंकि, आईपीएस का मसला मिनिस्ट्री ऑफ होम में आता है और इसी ने फोर्सली रिटायमेंट की कार्रवाई की थी। सो, पोस्टिंग का आदेश भी यही विभाग निकालेगा। इसमें 10 करोड़ की अघोषित संपत्ति के साथ कई संवेदनशील

दस्तावेज मिले का आरोप लगाया गया था। इसके बाद एसीबी ने जीपी सिंह के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई थी। वहीं दूसरी ओर सरकार ने पांच जुलाई 2021 को उन्हें सस्पेंड कर दिया और आठ जुलाई 2021 की रात को उनके खिलाफ कोतवाली थाने में राजद्रोह का केस दर्ज कराया था।आरोप था कि जीपी सिंह सरकार गिराने की साजिश रच रहे थे। नौ जुलाई 2021 को जीपी सिंह ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर सीबीआइ जांच की मांग की थी। मामले की जांच के बाद 11 जनवरी 2022 को जीपी सिंह को नोएडा से गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उन्हें मई 2022 में जमानत मिली थी।

तेलंगाना में मालगाड़ी के 11 डब्बे पटरी से उतरे

हैदराबाद,13 नवंबर। तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में एक मालगाड़ी के ग्यारह डब्बे पटरी से उतर गए, जिससे रेलवे यातायात में भारी रुकावट आई है. मालगाड़ी गाजियाबाद से काजीपेट लोहे की कॉइल लेकर जा रही थी. दुर्घटना पेद्दापल्ली जिले के राघवपुर और कन्नाल के बीच हुई, जिससे ट्रेनें घंटों तक फंसी रहीं, जिससे दिल्ली और चेन्नई के बीच यातायात प्रभावित हुआ. मालगाड़ी के 11 डब्बे पटरी से उतर जाने के कारण दिल्ली-चेन्नई मुख्य रेलवे लाइन पर ट्रेनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया. इस दौरान सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेनें, पैसेंजर ट्रेनें और अन्य मालगाड़ियां ट्रैक पर फंस गईं, जिससे यात्रियों को बहुत परेशानी हुई और कई ट्रेनों की गति धीमी हो गई या बीच रास्ते में रुक गईं. दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद तुरंत रेलवे कर्मचारियों की टीम घटनास्थल पर पहुंची.

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की अच्छी पहल छात्र-छात्राओं ने देखा जल शुद्धिकरण संयंत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कबीरधाम,13 नवंबर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कबीरधाम द्वारा छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के आकांक्षी विकासखंड बोडला में जल उत्सव अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों के स्कूलों के छात्र-छात्राओं को जलशुद्धिकरण संयंत्र, जल परीक्षण प्रयोगशाला और जल जीवन मिशन की योजनाओं का व्यापक भ्रमण कराया गया। ग्राम राजानवांगांव, भालुचूवा, मिनमिनिया मैदान, घोंघा, पॉड़ी, रान्हेपुरकला, सारंगपुरकला, खड़ौदाकला, खरहट्ठा, कुसुमघटा, सिंघारी और बैरख से आए छात्रों और उनके शिक्षकों ने बड़े उत्साह के साथ इस यात्रा में भाग लिया। यह आयोजन जल संरक्षण, नलजल योजनाओं के प्रबंधन और जल की महत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था।यह कार्यक्रम कबीरधाम जिले के कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा एवं कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग डी.एस. राजपूत के मार्गदर्शन में एवं सहायक अभियंता गोपाल प्रसाद ठाकुर के नेतृत्व में संचालित किया गया, जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। उनके नेतृत्व में जल संरक्षण और जलापूर्ति योजनाओं की महत्ता को छात्रों और शिक्षकों तक पहुंचाने का उद्देश्य सफलतापूर्वक पूरा हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मिनमिनिया मैदान में निर्माणाधीन उच्चस्तरीय जलागार के दौरे से हुई। यहां लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सब इंजीनियर टोमन लाल कुंजाम ने छात्रों को जल जीवन मिशन के तहत इस योजना के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने समझाया कि इस जलागार से ग्रामीण क्षेत्रों में कैसे सुरक्षित और स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी, जिससे छात्रों में जल परियोजनाओं के प्रति एक गहरी समझ विकसित हुई।

इसके बाद, सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को ग्राम कटगो के जल जीवन मिशन के तहत चल रहे नलजल योजना का दौरा कराया गया। यहां छात्रों ने पानी टंकी, पाइपलाइन, घरेलू नल कनेक्शन, स्विच रूम, क्लोरीनेटर रूम और पंप स्थापना जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर का निरीक्षण किया। छात्रों को क्लोरीनेटर सिस्टम की कार्यप्रणाली समझाई गई, जो पानी को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने में मदद करता है। साथ ही, ग्राम के सभी घरों में प्रदाय किए गए नल कनेक्शनों के माध्यम से जलापूर्ति प्रणाली के संचालन और रखरखाव को समझने का अवसर भी मिला।अगला गंतव्य छीरपानी जलाशय आधारित जलशुद्धिकरण संयंत्र था, जिसकी जल शुद्धिकरण क्षमता 3.00 एमएलडी है। इस संयंत्र में छात्रों को एरियेटर, फ्लैश मिक्सर, फ्लोक्यूलेटर, फिल्टर बेड, क्लीयर वाटर संप, पंप हाउस, प्री और पोस्ट क्लोरीनेशन प्रणाली, और एमबीआर टंकी जैसी इकाइयों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्रों ने देखा कि किस प्रकार से विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से जल को शुद्ध किया जाता है, और यह कैसे ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल आपूर्ति के लिए उपयोगी है।अंत में, सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बोडला में स्थित जल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला का दौरा कराया गया। यहां, उन्हें जल परीक्षण पैरामीटर, जल परीक्षण विधियों और पानी में विभिन्न तत्वों की मात्रा की जानकारी दी गई। छात्रों ने फील्ड टेस्ट किट का उपयोग कर पानी के नमूनों की जांच की और जल परीक्षण के महत्व को समझा। इस अनुभव ने छात्रों में जल के संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा दिया।इस जल उत्सव अभियान ने छात्रों में जल संरक्षण के प्रति एक नया दृष्टिकोण विकसित किया। उन्होंने जल संसाधनों के समुचित उपयोग, रखरखाव और उसके महत्व को समझा, जिससे उनमें जल के प्रति एक जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न हुआ। कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कबीरधाम डी.एस. राजपूत के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान ने सभी को यह एहसास कराया कि जल संरक्षण और स्वच्छता केवल एक आवश्यकता नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी भी है।

एक नजर

तलवार लेकर दौड़ाया, बंदी

भिलाई, 13 नवंबर। भिलाई वैशाली नगर थाना अंतर्गत दिन दहाड़े एक कार चालक ने तलवार लेकर बाइक सवार को जान से मारने के लिए दौड़ाया। बाइक सवार जब जान बचाकर थाने की तरफ भागा तो आरोपी कार चालक ने तलवार लेकर उसकी बाइक में तोड़फोड़ कर डाली। इस मामले में वैशाली नगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है वैशाली नगर टीआई ममत अली शर्मा ने बताया कि राजेश कुमार देवदास (32 साल) निवासी अंबेडकर नगर निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि सुबह 7.30 बजे अपने साथी राजकुमार के साथ मोटर साइकिल को चलाकर पीछे बैठे राजकुमार गन्ना पकड़ा था। प्रार्थी मोटर साइकिल चालकर घर जा रहा था तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार चालक कैलाश नगर निवासी शुभम सिंह ने कट मारकर आगे निकला और अचानक अपनी गाड़ी रोककर कार के अंदर से तलवार निकाल लिया और युवक को मारने के लिए दौड़ा लिया इससे वह काफी डर गया और वहां से भाग गए। इसके बाद आरोपी शुभम ने मोटर साइकिल को लात से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया और मोटर साइकिल की टंकी में आग लगाकर जलाने का प्रयास किया इसके बाद पुलिस ने घटना स्थल से सीसीटीवी फुटेज भी जब्त किया है। फुटेज में आरोपी तलवार लेकर युवक को दौड़ाता हुआ दिखा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी कार को जब्त कर लिया है।

गांजा तस्कर पकड़ाया

भिलाई, 13 नवंबर। भिलाई कांकेर से चार पहिया वाहन में गांजा रखकर मुंबई महाराष्ट्र ले जा रहे एक तस्कर को पुलिस ने अंजोरा क्षेत्र के महमरा जालबांधा रोड़ में आधी रात नकाबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से दो लाख कीमत का 18 किलो गांजाए एक चार पहिया वाहनए 7400 रूपए नगदए एक मोबाइल जब्त किया है शहर एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 11 नवंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि वाहन में अवैध रूप गांजा बिक्री करने के लिए वाहन में रखकर कांकेर से बालोद होते हुए जालबांधा के रास्तें मुंबई ;महाराष्ट्द्ध जाने वाला है सूचना पर एसीसीयू निरीक्षक तापेश्वर नेतामए चौकी प्रभारी अंजोरा रामनारायण सिंह ध्रुव के नेतृत्व में टीम गठित की। ग्राम महमरा जालबांधा रोड चुन्नी लाल निषाद के घर के सामने पहुंचकर संदेही वाहन को नाकाबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम अब्दुल रसीद अली ;6द्ध वर्षद्ध निवासी शांताक्रुज एयर इण्डिया कॉलोनी चर्च के पीछे आशीकली की चाल मुबई 29 थाना अकोला हॉल सांई सागर बीएलडीजी न्यू मिल रोड कुर्ला वेस्ट ग्रेटर मुंबई का रहने वाला बताया तथा अपने वाहन अशोक लिलेण्ड में बोरी मे गांजा होना जिसे पैसो के लालच मे बिक्री करने के लिए मुंबई ले जाना बताया ।

9 लाख की ठगी

भिलाई, 13 नवंबर। भिलाई खुर्सीपार थाना अंतर्गत हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के मैनेजर से शेयर मार्केट से मंथली इनकम आने का झांसा देकर 9 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है पीड़ित की पत्नी की रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420ए 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार जोन. 2 निवासी रिंकी राठौर ;34 वर्षद्ध ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका पति पति मंगल सिंह राठौर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में मैनेजर है। पति मंगल सिंह के परिचित मनोज साहू ने गोकुल धाम सोसायटी राजनांदगांव निवासी धनी राम सिन्हा से कराई। पिछले दोनों उसके घर आकर शेयर मार्केट में इनवेस्ट करने पर मंथली पैसा आने का झांसा दिया। आरोपी धनीराम ने बताया कि 9 लाख रुपए इनवेस्ट करने उसे प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज के हिसाब से हर माह 45 हजार रुपए मिलने की बात कही। इस पर उसके पति ने बैंक से लोन लेकर उसे चेक माध्यम से 9 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। धनीराम सिन्हा दो माह तक रिटर्न के रूप में 45 हजार देता रहा। इसके बाद देना बंद कर दिया। जब उसके पति ने धनीराम से संपर्क किया तो टालमटोल करने लगा। इसके बाद मिलना बंद कर दिया। इस बीच लोन की 35 हजार रुपए माह की किश्त नहीं चुका पाने की वजह से पति डिप्रेशन में आ गएए जिससे हार्ट अटैक आ गया। उस दौरान आरोपी ने विश्वास दिलाने के लिए उसे 9 लाख रुपए का चेक दिया। कहा कि यदि उन्हें पैसे की आवश्यकता होगी तो वे उससे बिना पूछे उसके चेक को बैंक में डालकर कैश करा सकते हैं ।

करंट से युवक की मौत

भिलाई, 13 नवंबर। भिलाई करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि उरला निवासी दानेश्वरी साहू पानी गर्म करने के लिए राड को लगाई हुई थी। अचानक उसमें करंट आने से महिला दानेश्वरी चपेट में आ गई। हादसे में महिला की मौत हो गई घटना के समय पति काम पर गया हुआ था ।

रूप जीवन हॉस्पिटल के डायरेक्टर मरीजों को देते हैं नशा मुक्ति अभियान का संदेश

कवर्धा, 13 नवंबर। कवर्धा में रूप जीवन हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉक्टर अतुल जैन इलाज के दौरान देते है मरीजों को नशा मुक्ति अभियान का संदेश । डॉक्टर अतुल जैन मरीजों को जरूर समझाते हुए देखे जाते है की गुटखा खाना और तम्बाकू खाना और शराब ओर सिगरेट पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत खराब होता है इसलिए नशा कभी ना करे और बहुत सारी बीमारियां होती है यदि इलाज चल रहा है या दवाई खाए तो नशा कभी नहीं करना चाहिए और मेरी विनम्र अपील है की नशा जैसी कुरीतियों से हमेशा दूर रहे । अच्छा स्वास्थ्य तभी रहेगा जब आप नशे से दूर रहेंगे ।

दिव्यांगों को निःशुल्क कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण प्रदान करने शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 13 नवंबर। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए एलिम्को अधिकृत विक्रय एवं सेवा केन्द्र आसरा-रायपुर के माध्यम से दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, मूल्यांकन शिविर का 09 नवंबर को पी.जी.कॉलेज डोम (इन्डोर स्टेडियम) में किया गया। दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाएं जाने नवीनीकरण एवं यू.डी.आई.डी. पंजीयन के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, यू.डी.आई.डी. पंजीयन शिविर का आयोजन 10 बजे से सायं 05 बजे तक किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को आयुष्मान कार्ड बनाएं जाने की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई साथ ही शिविर में दिव्यांगजनों को रोजगार, स्वरोजगार संबंधी सलाह, मार्गदर्शन के लिए भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय अंतर्गत दिव्यांगों के लिए नेशनल करियर सर्विस सेन्टर, जबलपुर, म.प्र. से सलाहकार उपस्थित थे। उपसंचालक, समाज कल्याण श्रीमती अभिलाषा पण्डा ने बताया कि शिविर में जिले के प्रत्येक जनपद पंचायत, नगरीय निकायों से दिव्यांगजन उपस्थित होकर शिविर का लाभ लिए। शिविर में अस्थि बाधित के 381, दृष्टि बाधित के 27, श्रवण बाधित के 66, मानसिक के 49, यू.डी.आई.डी. के 4, आयुष्मान कार्ड के लिए 27, दिव्यांगजनों का उपकरण के लिए चिन्हांकन, मुल्यांकन 196 एवं कैरियर गाईडेंस के लिए 72 कुल-822 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया। शिविर में पंजीयन एवं अन्य कार्य के लिए जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिवों, स्व.श्रीमती सुधादेवी स्मृति नर्सिंग महाविद्यालय, कवर्धा के विद्यार्थियों एवं

गुंडा-बदमाशों की करें सूची तैयार, जमानत पर छूटे अपराधियों पर रखें कड़ी नजर:एसपी

भिलाई, 13 नवंबर। दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों की बैठक लेकर इस संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि यदि कोई जमानत पर बाहर आने के बाद आपराधिक प्रकरण में लिप्त पाया जाता है कि इसकी जांच कर संबंधित आरोपी की जमानत निरस्त कराया जाए। दरअसल अक्सर देखने में आया है कि शहर में जितने भी बड़े क्राइम केसेस सामने आए हैं उनमें आरोपी पहले से जेल से छूटा हुआ होता है। यानी एक अपराध करने के बाद जमानत पर बाहर होता है और उस दौरान फिर से अपराध करता है। ऐसे मामले में दुर्ग एसपी ने नई शुरुआत करते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। अब यदि जमानत पर बाहर रहने के दौरान अपराध करते हैं तो उनकी जमानत निरस्त कराई जाएगी और उसे दोबारा जेल दाखिल कर दिया जाएगा। निगरानी बदमाशों की सूची करें तैयार बैठक के दौरान एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने सभी थाना क्षेत्रों में गुण्डा बदमाशों, निगरानी बदमाशों की नियमित रूप चेकिंग करने का निर्देश दिया है। ऐसे बदमाशों को थाने बुलाकर हाजिरी ली जाए। यही नहीं जो अत्याधिक अपराधिक प्रवृत्ति का है ऐसे बदमाशों की सूची तैयार की जाए। एसपी शुक्ला ने क्षेत्र में चोरी की वारदात न हो इसके लिए गश्त प्रभावी ढंग से करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले में सभी वारण्टियों, मोस्ट वांटेड अपराधियों, जेल से जमानत पर छूटे गुंडे बदमाशों, आदतन अपराधियों पर नजर रखने कहा है। जुआ सट्टा व नशे के सौदागरों पर करें कार्रवाई एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने जिले में अवैध कारोबार करने वालों पर कड़ाई से पेश आने कहा है। जुआ, सट्टा के साथ शराब, गांजा व अन्य नशीली सामग्रियों के अवैध कारोबार में शामिल लोगों पर कड़ी नजर रखने व इस पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाए जाने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त एसपी बाहरी लोगों की आवाजाही पर भी नजर रखने कहा। इस दौरान लंबित अपराध, चालान, मर्ग, शिकायत का त्वरित निराकरण, अदम दस्ताब गुम इंसान की दस्तयाबी एवं लंबित वारंट की तामील करने भी निर्देशित किया गया। कॉलोनियों में पर्याप्त कैमरे लगवाएं बैठक में एसपी शुक्ला ने रहवासी कालोनियों में पर्याप्त कैमरे लगाने का निर्देश दिया है। एसपी ने कहा कि यह पाया गया कि कालोनी के गेट पर एक गार्ड और मात्र एक सीसीटीवी कैमरा लगाया जाता है। ऐसे में किसी घटना के दौरान पर्याप्त फुटेज नहीं मिल पाते। एसपी ने कहा कि ऐसी कॉलोनियों को चिन्हांकित कर वहां रहवासियों व रेसीडेंसियल एसोसिएशन की बैठक लेकर कालोनी के अंदर के मार्ग, बाउण्ड्रीवाल को कवर करते हुये चारों दिशाओं में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरा लगाने समझाइश दी जाए।

प्रधानमंत्री ट्रॉफी छात्रवृत्ति वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

भिलाई, 13 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा मंगलवार को सेक्टर-1 स्थित नेहरू सांस्कृतिक सदन में प्रतिभा सम्मान समारोह तथा सेल एवं प्रधानमंत्री ट्रॉफी छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। समारोह में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ और कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार उपस्थित रहे। ऑफिसर्स एसोशियेशन के अध्यक्ष एवं सेफी के चेयरमैन एन के बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक गण, ओए एवं एससी-एसटी एसोसिएशन के सदस्य, यूनियन के प्रतिनिधिगण, पुरस्कार विजेता और उनके माता-पिता भी उपस्थित थे। शुभारंभ परंपरागत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। स्वागत गीत सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। महाप्रबंधक (शिक्षा) श्रीमती शिखा दुबे ने स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत करते हुए, प्रधानमंत्री ट्रॉफी छात्रवृत्ति, सेल छात्रवृत्ति एवं मेरिट अवार्ड के बारे में सभा को विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसके बाद मंचस्थ अतिथियों द्वारा छात्रवृत्ति हेतु चयनित छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। उपरोक्त सभी श्रेणियों में इस वर्ष कुल 262 आवेदन प्राप्त हुए। इस योजना में इस वर्ष कुल 36.27 लाख रुपये की राशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की गई। इस बार चयनित 235 विद्यार्थियों में से 128 छात्र एवं 107 छात्राएँ हैं, जिसमें 80 छात्र-छात्राएँ आरक्षित वर्ग के हैं। 115 इंजीनियरिंग के, 52 मेडिकल के, 9 स्नातकोत्तर के तथा 59 अन्य पाठ्यक्रम के विद्यार्थी हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इस वर्ष प्रधानमंत्री ट्रॉफी छात्रवृत्ति, सेल छात्रवृत्ति एवं मेरिट रिवार्ड का वितरण एक ही मंच से किया गया। मेरिट रिवार्ड के लिये छात्रों का चयन सीबीएसई, छत्तीसगढ़ बोर्ड व अन्य किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड के 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा के प्राप्तांको के आधार पर तथा 8वीं के लिए टीक्यूटी के प्राप्तांकों के आधार पर किया जाता है। इस श्रेणी में 37 छात्रों को पुरस्कृत किया गया जिनमें से 4 छात्र खदान समूह से हैं। सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर-10 की प्रिंसिपल श्रीमती सुमिता सरकार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। संचालन वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती

सीईओ ने की मनरेगा एवं एसबीएम की समीक्षा

दुर्ग, 13 नवम्बर। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के सीईओ द्वारा विगत दिवस 11 नवम्बर को विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग कुमार दुबे ने मनरेगा एवं एसबीएम की समीक्षा की। सीईओ ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत भारत सरकार के स्पष्ट निर्देश के तहत मनरेगा के नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट टैंक, मछली पालन तालाब एवं डबरी निर्माण, कच्ची- पक्की नाली, नाला निर्माण, कुआं, पशु आश्रय शेड, बायो गैस प्लांट, वृक्षारोपण कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कचरा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। कचरा कलेक्शन कर वसूली आवश्यक है क्योंकि स्वच्छताग्राही बहनों द्वारा कचरा कलेक्शन सप्ताह में 3 दिन किया जाना है जिसके लिए पंचायत के सरपंच, सचिव एवं कर निगरानी की टीम बनाई जाए तथा कर वसूली पर विशेष ध्यान दिया जाए। शौचालयों के रख-रखाव के लिए रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ के माध्यम से लगातार जानकारी देने कहा। त्रिस्तरीय जल शुद्धिकरण तालाबों में किए गए कार्यों की जांच कर तालाबों में शुद्ध जल के स्तर की जांच करने तथा गंदे पानी को तालाबों में जाने से रोकने के लिए किए गए प्रयासों की विस्तृत जानकारी लेने कहा। बैठक में कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग/धमधा/पाटन, समस्त तकनीकी सहायक एवं स्वच्छता भारत मिशन के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

विधायक प्रतिनिधियों के आत्म प्रचार से खफा विधायक रिकेश ने सभी को किया पदमुक्त

भिलाई, 13 नवंबर। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने विभिन्न वार्ड, क्षेत्र व समाज में बनाए गए लगभग 250 से अधिक विधायक प्रतिनिधियों को पदमुक्त किया है। सेन ने विधायक कार्यालय में बैठक लेकर यह घोषणा की है। उन्होंने बताया कि सभी लोग अपनी टीम के साथ सदैव अपने मोहल्ले, क्षेत्र, समाज की समस्याओं के प्रति जागरूकता के साथ पूर्व की तरह भाजपा कार्यकर्ता के रूप में सेवाएं देते हुए जनसमस्या के प्रति वैशाली नगर क्षेत्र में कार्य करते रहेंगे। इसके पीछे एक वजह यह भी रही कि जो लोग प्रतिनिधि नहीं थे वो भी विधायक प्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र और भाजपा संगठन में खुद को प्रचारित प्रसारित करते रहे हैं। सेन ने कहा कि जनसमस्याओं के प्रति जागरूक रहते हुए भाजपा कार्यकर्ता एक पारिवारिक टीम के रूप में कार्य करते रहें हैं तथा नियुक्त प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी के सदस्य भी हैं इसलिए अब भाजपा के सिपाही के रूप में सभी जनसेवा करते रहेंगे, पूर्व में बनाए गए सभी विधायक प्रतिनिधियों के पद विलोपित कर दिए गए हैं। अब वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के कोई प्रतिनिधि फिलहाल नहीं हैं। अतः वार्ड, समाज, नगर पालिक निगम व प्रशासन सहित अलग अलग क्षेत्र में बनाए गए सभी विधायक प्रतिनिधियों का पद विलोपित करते हुए सभी विधायक प्रतिनिधि पद विलोपित कर दिए गए हैं।

एक नजर

नगर निगम गणेश पर्व प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

राजनांदगांव 13 नवंबर। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा गणेश उत्सव पर्व पर प्रतियोगिता आयोजित की गयी। सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा एंव विसर्जन झाकी की प्रतियोगिता अ एवं ब वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त समितियों के परिणामों की घोषणा की गयी। गणेश उत्सव प्रतियोगिता के परिणामों की गत दिनों आयोजित महापौर परिषद में स्वीकृति प्रदान की गई, जिन्हें निगम में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा पुरूस्कृत किया जायेगा। गणेश पर्व प्रतियोगिता के परिणामों के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि इस वर्ष 2024 में नगर निगम द्वारा आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता के तहत सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा एवं विसर्जन झाकी का चयन निर्णायकों द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि गणेश प्रतियोगित वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतियोगिता में प्रथम विनायक मंडल गणेश उत्सव समिति, कामठी लाईन, द्वितीय श्री पाटीदार गणेश उत्सव समिति, जी.ई. रोड व तृतीय लालबाग गणेश उत्सव समिति, दुर्गा मंदिर परिसर लालबाग को प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार विसर्जन झाकी के अ वर्ग में प्रथम उमंग गणेश उत्सव समिति, हमाल पारा, द्वितीय सुमति मण्डल, कामठी लाईन एवं तृतीय बस स्टैण्ड गणेश उत्सव समिति, पुराना बस स्टैण्ड को स्थान प्राप्त हुया है। इसी प्रकार ब वर्ग में प्रथम गंज गणेश उत्सव समिति भारत माता चैक, द्वितीय आजाद गणेश उत्सव समिति, आजाद चैक एवं तृतीय तिरंगा मण्डल, अशोक स्तम्भ (कमल टाकीज) चैक ने प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किये है। उन्होंने बताया कि उक्त समितियों को निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महापौर सहित निगम पदाधिकारियों द्वारा पुरूस्कृत किया जायेगा।

कर्तव्य में लापरवाही, वन क्षेत्रपाल से मांगा स्पष्टीकरण

रायपुर, 13 नवंबर । सरगुजा वनवृत्त अंबिकापुर के मुख्य वन संरक्षक द्वारा कोरिया वनमण्डल बैकुण्ठपुर के परिक्षेत्राधिकारी सोनहत के वन क्षेत्रपाल श्री विनय कुमार सिंह से क्षेत्र में टाईगर मृत्यु के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुख्य वन संरक्षक अंबिकापुर ने बताया कि वनमण्डलाधिकारी, कोरिया वनमण्डल, बैकुन्ठपुर अंतर्गत परिक्षेत्र सोनहत के बीट गरनई, कक्ष कमांक पी 196 वनभूमि कुदरी में खनखोपड़ नाला के किनारे 01 टाईगर मृत्यु (उम्र लगभग 4-5 वर्ष) की सूचना मिली थी। सूचना प्राप्त होते ही वनमण्डलाधिकारी, कोरिया वनमण्डल, बैकुन्ठपुर और संचालक गुरु घासीदास रा. उद्यान बैकुन्ठपुर के साथ मौके पर पहुंचीं। 01 नर टाईगर खनखोपड नाला के किनारे मृत अवस्था में पाया गया। पोस्ट मार्टम के दौरान पशुचिकित्सक के द्वारा प्राथमिक जांच में शव 4-5 दिन पुराना होना बताया गया है। उक्त टीम के अभिमत अनुसार बाघ की मृत्यु का कारण जहरखुरानी संभावित है। इस संबंध में स्पष्टीकरण का प्रतिउत्तर पत्र प्राप्ति के 03 दिवस के भीतर वन संरक्षक कोरिया वन मण्डल बैकुण्ठपुर के कार्यालय को प्रेषित करने कहा है प्रतिउत्तर समय पर प्राप्त नहीं होने और संतोषजनक नहीं होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा

रायपुर 13 नवंबर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाते हुए प्रभावशाली पहल की श्रृंखला के जरिये भारत में कौशल की कमी को पाटने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। कर्नाटक और पूरे भारत में आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं के सशक्तिकरण पर मजबूत फोकस के साथ, टीकेएम के शैक्षिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम रोज़गार के रास्ते बना रहे हैं जो आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रहे हैं और भारत के औद्योगिक विकास में योगदान देते हैं। टीकेएम के मिशन का एक प्रमुख स्तंभ टोयोटा तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान (टीटीटीआई) है, जिसकी स्थापना 2007 में हुई थी। 15 वर्षों से अधिक समय से टीटीटीआई आर्थिक रूप से वंचित वर्गों के युवाओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान कर रहा है, जो ऑटोमोबाइल निर्माण में विशेषज्ञता रखता है। संस्थान एक कठोर तीन वर्षीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है जो न केवल तकनीकी कौशल का निर्माण करता है बल्कि छात्रों के समग्र विकास पर भी ध्यान केंद्रित करता है। पाठ्यक्रम में व्यावहारिक प्रशिक्षण, वैश्विक विनिर्माण प्रथाओं की गहरी समझ और शारीरिक व समुदाय-निर्माण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया जाता है। कुशल तकनीशियनों की बढ़ती मांग को पूरा करने और महिला सशक्तिकरण का समर्थन करने के लिए, टीकेएम ने हाल ही में टीटीटीआई की क्षमता को दोगुना करके 1,200 छात्रों तक कर दिया है।

प्रीपेड बूथ से तय होगा ऑटो रिक्शा का किराया: कलेक्टर

कोरबा, 13 नवम्बर। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो एवं शासकीय योजनाओं के कार्य प्रगति समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने एवं समय सीमा के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी कटघोरा श्री कुमार निशांत, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी सहित अन्य सभी अधिकारी उपस्थित थे।

निधन

शोभा शर्मा

राजनांदगांव 13 नवंबर। अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी माता जी श्रीमती शोभा शर्मा का आकस्मिक निधन आज 12 नवंबर को दोपहर 3.30 बजे हो गया है। वे अटल मंच के संरक्षक प्रेमचंद शर्मा की धर्मपत्नी, प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष बसंत शर्मा, एनबी प्रिंटर्स के संचालक आशीष शर्मा की माता जी थी। उनकी अंतिम संस्कार कल 13 नवंबर को सुबह 9 बजे निवास स्थान ओसवाल लाइन से स्थानीय मुक्तिधाम में किया जायेगा।

जनभागीदारी से जल संचय में छग पूरे देश में पहले स्थान पर

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जल संसाधन विभाग को दी शुभकामनाएं
- केन्द्र सरकार ने शुरू की है, जनभागीदारी से जल संचय पहल

रायपुर, 13 नवंबर। जनभागीदारी से जल संचय में छत्तीसगढ़ पूरे देश में पहले स्थान पर है। केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई इस पहल पर उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में जल संचय, जनभागीदारी पहल के तहत जल संचय के एक लाख 53 हजार 533 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 10 हजार 872 कार्य प्रगतिरत हैं। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में देश के पहले 10 जिलों में छत्तीसगढ़ के 8 जिलों ने अपना स्थान बनाया है। छत्तीसगढ़ में जनभागीदारी से जल संचय के कार्यों में राज्य में पहले स्थान पर रायपुर जिला है, जहां 35 हजार 758 जल संचय के कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 5064 कार्य प्रगतिरत हैं। दूसरे स्थान पर बलौदाबाजार है, जहां 16,389 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 1643 कार्य प्रगति पर हैं। तीसरे स्थान पर रायगढ़ जिला है, जहां 16,629 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 662 कार्य प्रगति पर हैं। चौथे स्थान पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला है, जहां 16,730 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 300 कार्य प्रगति पर हैं। पांचवे स्थान बलरामपुर-रामानुजगंज जिला है, जहां 8618 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 586 कार्य प्रगति पर हैं। छठवें स्थान पर गरियाबंद जिला है, जहां 6899 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 634 कार्य प्रगति पर हैं। सातवें स्थान पर दुर्ग जिला है, जहां 4915 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 609 कार्य प्रगति पर हैं। दसवें स्थान पर धमतरी जिला है, जहां 3706 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 107 कार्य प्रगति पर हैं। गौरतलब है कि जल संचय जन भागीदारी पहल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने के अटूट संकल्प का प्रतिबिंब है। यह पहल जल संरक्षण में जन भागीदारी के महत्व पर जोर देती है और सामूहिक पहल एवं एकजुटता से जलसंरक्षण की संकल्पना को साकार करती है। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य अन्य गतिविधियों के अलावा कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं, बोरवेल पुनर्भरण शाफ्ट के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है, जिससे भंडारण क्षमता बढ़ेगी और भू-जल पुनर्भरण को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

चाकूबाजी की घटना के सभी आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफतार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 13 नवंबर। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 11-11-2024 को शिव कुमार ढीमर पिता कमलेश ढीमर उम्र 20 साल निवासी चौखडिया पारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव का थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 11/11/2024 को 03.00 बजे शिव कुमार ढीमर अपने दोस्तों प्रताप ढीमर, नरसिंग ढीमर, छोटु ढीमर, नरेंद्र यादव के साथ सभी लोग आक्सीजोन में घुमने गये थे, तभी शाम को आसपास घुमने के बाद आक्सीजोन के एक किनारे पर सभी दोस्त शाम को 17/30 बजे खडे थे। तभी ऑक्सीजोन के अंदर से 08-10 लडके पार्टी मनाकर अपने-अपने मोटर सायकल से इन लोग जहां पर खडे थे वहीं पर आकर विक्की यादव ने नरसिंग ढीमर से बीडी सिगरेट मांगने लगा तो नरसिंग ढीमर ने बोला कि मेरे पास बीडी सिगरेट नहीं है बोलने पर विक्की यादव व उनके 03-04 साथी के साथ मिलकर माँ बहन की गाली गुसार करते हुए अपने पास रखे हुए चाकू नुमा औजार को निकालकर नरसिंग ढीमर को जान से मारने की नियत से बांये कमर पर चोट पहुंचाया । उसे देखकर शिव कुमार ढीम छुडाने गया तो विक्की यादव के 03-04 दोस्त ने एक राय होकर अपने पास रखे चाकूनुमा औजार से शिव कुमार ढीमर बांये पैर के जांघ तथा कमर के उपर और हाथ मे चोट पहुंचाया है की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही मे लिया गया है । आरोपीगण को ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया । एक नाबालिक आरोपी जो घटना मे सम्मिलित था को शादीवर्दी मे अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर आरोपीगणो के साथ अपराध घटित करना स्वीकार किया। जिसे पारूप नियम धारा 8(1)8(5) के तहत नाबालिक के विरूध फार्म भरा गया । उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी0 सत्यनारायण देवागन , उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव ,सउनि गोवर्धन देशमुख , बी 9 पेट्रोलिंग पार्टी म0प0आर0 मेनका साहू ,म0आर0 लक्की पैकरा, प्र0आर0 दीपक जायसवाल प्र0आर0 राजेश परिहार आर0 अतहर अली आर0 आदित्य सोलंकी आर0 राजेश बंदेशवर की भूमिका सराहनीय रहीं।

रेंज स्तर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 13 नवंबर। 12 नवंबर को रक्षित केन्द्र राजनांदगांव के मंगल भवन में विधीविरूद्ध क्रिया कलाप के निवारण के संबंध में राजनांदगांव रेंज स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जिला राजनांदगांव, जिला कबीरधाम, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई, जिला मोहला-मानपुर-अंo चौकी के 70 निरीक्षक एवं उपनिरीक्षक पद के विवेचना अधिकारी शामिल हुये। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज श्री दीपक कुमार झा द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ कर नक्सलवाद एवं आतंकवाद के मामले में विस्तार से चर्चा कर इस मामले में विवेचना के संबंध में बारिकी से जानकारी दी गई। अभियोजन अधिकारी श्री मनोज सिंह द्वारा भी उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को विवेचना के दौरान होने वाली गलतियों एव उसको दूर करने के संबंध में विस्तार से समझाया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण का समापन पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा किया गया इस दौरान उन्होने विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के संबंध में व विभिन्न धाराओं पर चर्चा कर अच्छी विवेचना कर अपराधियों को सजा तक दिलाने के संबंध में में विस्तृत जानकारी दी गई । इस दौरान आईजी राजनांदगांव रेंज श्री दीपक कुमार झा, एसपी राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, एएसपी ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर, एएसपी श्री राहुल देव शर्मा, एमएमसी से एएसपी श्री मयंक गुज्जर, एवं सीएसपी श्री पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री, एसडीओपी डोंगरगांव श्री दिलीप सिसोदिया, एसडीओपी ऑप्स श्री अजीत आगेरे, एसडीओपियों श्री मनोज सिंह व रेंज राजनांदगांव के जिला राजनांदगांव, जिला कबीरधाम, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई, जिला मोहला-मानपुर-अंo चौकी के विवेचना अधिकारी उपिस्थित थे।

बिना पद के किस हैसियत से अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं अभिषेकः कुलबीर

राजनांदगांव 13 नवंबर। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि वर्तमान में कांग्रेस संगठन शहर की समस्याओं व जनता की समस्याओं के निदान के लिए 15 साल के पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष यहां के निर्वाचित विधायक डा.रमन सिंह को जगा रही है अधूरे काम, अपूर्ण घोषणाएं और हर विषय पर जनता के लिए लापरवाही बरतने विधायक पूरे कार्यकाल में अपूर्ण घोषणाओं को जनता को होने वाली असुविधाओं को ठीक कराने का कार्य शहर कांग्रेस कर रही है। शहर अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने कहा कि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह जी वर्तमान कुछ समय से जगह-जगह जाकर समस्याओं को पूछकर अधिकारियों से बात कर लोगों को कुछ जगह आश्वासन दिया है। इससे साफ प्रतीत होता है कि निर्वाचित विधायक रमन सिंह के साथ राजनांदगांव विधानसभा में एक विधायक के साथ एक विधायक फी है। बड़ा आश्चर्य का विषय है कि भाजपा की सत्ता सरकार होते हुए भाजपा का संगठन पंगु हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेतागण श्री खूबचंद पारख, पूर्व श्री सांसद अशोक शर्मा, श्री मधुसूदन यादव, तथा वर्तमान सांसद श्री संतोष पांडे और बाकी शहर के भाजपा नेतागण को दरकिनार करते हुए रमन सिंह जी और उनके पुत्र पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शहर में लोगों को आश्वासन दे रहे है और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के कसीदे पढ़ने के लिए विधायक प्रतिनिधि डा.रमन सिंह ने नियुक्त किया है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 13 नवंबर। 10 नवंबर को प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी कि आरोपी द्वारा प्रार्थिया की नाबालिक बेटी को डरा धमका कर परिजनो के अनुपस्थिति मे परिजनो व नाबालिक पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर किरायेदार के मकान मे जबरदस्ती लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहे कि रिपोर्ट पर धारा सदर 65(2),64(2)(ङ),351(2), 332(ए),115,127 बीएनएस, 4,6 पाक्सो एक्ट भादवि अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया व मामला गंभीर अति संवेदनसील प्रकृति का होने से मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया श्रीमान् पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में तत्काल चिखली पुलिस टीम तैयार कर पतासाजी किया गया, आरोपी को शंकरपुर मे छिपने की पुख्ता सुचना पर दबिश दी गयी, घेराबंदी कर आरोपी नवल किशोर वर्मा पिता भागीरथी वर्मा उम्र 40 साल साकिन शंकरपुर पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को पकड़ कर कड़ाई से पुछताछ करने पर अपराध स्वीकार करने और मेडिकल मुलाहिजा से पर्याप्त साक्ष्य सबुत पाये जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया बाद आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उनि नरेश कुमार बंजारे, सउनि इब्राहिम खान, म.प्र.आर. वंदना पटले, प्र.आर. समारूराम सर्पा, आर0 मनोज जैन, सुनील बैरागी, बलराम ठाकुर, मोरध्वज देशलहरे, म.आर. कौशिल्या साहू, ज्योति साहू का महत्वपूर्ण योगदान एवं सराहनीय भूमिका रहा है।

दिव्यांग महिला से छेड़छाड़ करने वाला पुलिस की गिरफ्त में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़/चिचोला 13 नवंबर। शराब के नशे में दिव्यांग महिला से छेड़खानी करने वाले आरोपी को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है. पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया है कि 11 नवम्बर 2024 को ग्राम दर्राबांधा पुलिस चौकी चिचोला जिला राजनांदगांव में प्रार्थी द्वारा पुलिस चौकी चिचोला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम दर्राबांधा के आरोपी मेघनाथ यादव पिता अंगनू राम यादव उम्र 42 साल निवासी ग्राम दर्राबांधा पुलिस चौकी चिचोला जिला राजनांदगांव के द्वारा पीडिता दिव्यांग महिला को 10 नवम्बर 2024 को दोपहर 1:30 बजे के करीब अपने घर में अकेली थी। तभी आरोपी द्वारा शराब के नशे में दिव्यांग महिला के कमरे में आकर छेडछाड करने लगा। पीडिता के आवाज लगाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया । पीडिता रिपोर्ट पर पुलिस चौकी चिचोला में अपराध कायम कर अपने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत करा पुलिस अनु विभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा निर्देशन पर आरोपी मेघनाथ पिता अंगनू राम यादव उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम दर्राबांध पुलिस चौकी चिचोला ने अपराध करने के 24 घण्टे के भीतर गिरफतार कर न्यायालय रिमांड पर भेजा गया।

■ शासन की विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं से आदिवासी समाज के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है : कलेक्टर

कलेक्टर ने जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन के संबंध में आदिवासी समाज प्रमुखों की ली बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 13 नवम्बर। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आदिवासी समाज प्रमुखों की बैठक ली। बैठक में आदिवासी समाज के पदाधिकारी तथा समाज सेवक उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं से आदिवासी समाज के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 13, 14 एवं 15 नवंबर 2024 को किया जाएगा। राजनांदगांव जिले में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 15 नवंबर 2024 को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ रोड राजनांदगांव में किया जाएगा। जिसके अंतर्गत दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा तथा शाम 4 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। कलेक्टर ने समाज प्रमुखों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में सम्मिलत होने का आग्रह किया।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्री संतोष पाण्डेय द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक डोंगरगांव श्री दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी श्री भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर नगर पालिक निगम राजनंदगांव श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता घासी साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्री विक्रांत सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनंदगांव श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी, अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव श्री सचिन बघेल, समाजसेवी श्री रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दीक्षा गुप्ता सहित आदिवासी समाज के प्रमुख तथा समाज सेवक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

तीन दिवसीय मोहारा मेला के लिये निगम आयुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सौंपा दायित्व

राजनांदगांव 13 नवम्बर। इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मोहारा स्थित शिवनाथ नदी के किनारे मोहारा मेला का आयोजन 14,15 व 16 नवम्बर को किया जा रहा है। मोहारा मेला स्थल का गत दिनों निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निरीक्षण किया और व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली तथा मोहारा मेला स्थल में नगर निगम द्वारा आवश्यक सुविधाए उपलब्ध कराने व अन्य कार्यो के निष्पादन हेतु अधिकारियों व कर्मचारियों की शिष्ट में ड्यूटी लगायी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने निगम के अधिकारियों से कहा कि नदी के किनारे बेरिकेटिंग के अलावा बिजली, पानी व सफाई व्यवस्था तीनों दिन सुचारू रूप से सम्पादित हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। इसके लिये उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों की शिष्ट में ड्यूटी भी लगायी है, जिसमें मोहारा मेला के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता श्री संजय वर्मा मो. नं. 70008 62950 को बनाया गया है और मेला के सम्पूर्ण व्यवस्था प्रभारी.सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम मो.नं. 83197 26288 का दायित्व सौपा गया है। साथ ही प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा मो.नं. 97705 19691 एवं सहायक प्रभारी उप अभियंता श्री डागेश्वर कर्ष मो.नं. 83495 05814, राजस्व निरीक्षक श्री हितेश ठाकुर मो.नं. 99938 42086 व लाईनमेन श्री किशन गावरे मो. नं. 88896 53352 को सहायक बनाया गया है। उपरोक्त अधिकारी अपने सहियोगियों के साथ पर्याप्त पेयजल एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था, आवश्यकता अनुसार बेरिकेटिंग तथा मेले में दुकानों की व्यवस्था के अलावा मेला स्थल की सम्पूर्ण व्यवस्था संबंधी दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि मोहारा मेला स्थल पर सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था का प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा मो. नं. 79996 98498 को, सहायक प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव मो.नं. 70006 70033 को एवं सहयोगी का प्र. स्वच्छता निरीक्षक श्री पवन कुर्रे मो.नं. 75873 35587 को दायित्व सौपा गया है। साथ ही पेयजल व्यवस्था का प्रभारी उप अभियंता श्री अनुम पाण्डे मो.नं. 74705 47099 को दायित्व सौपा गया है। इसके अलावा 14.15 व 16 नवम्बर तीनों दिन दो शिष्ट में व्यवस्था में सहयोगी का दायित्व उप अभियंतागण एवं कर्मचारियों को सौपा गया है।

वैष्णव ने दी मंडई मेला की बधाई

राजनांदगांव 13 नवंबर। समीपस्थल ग्राम जंगलेसर में टिकरापारा में एकादशी देवउठनी अवसर पर मंडई आयोजन रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि योगेन्द्र दास वैष्णव संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव अध्यक्षता चेतन चंदाकर सरपंच जंगलेसर विशेष अतिथि लोकेश कुमार गंगवीर सरपंच धामनसरा राधेचरण साहू पूर्व सरपंच चुम्मन निषाद पूर्व उपसरपंच विरेन्द्र चंदाकर पूर्व उपसरपंच के अतिथि में यादव समाज बाजा पार्टी वाले के साथ साथ कल्याण निषाद अलख राम निषाद नोहर निषाद बैंगा ज्ञानेश्वर निषाद गिरधारी ठाकुर गांगे चंदाकर लोकेश सेन डोमन कोटवार गोपाल पुजारी शिवा पुजारी को श्रीफल एवं नगद राशि सम्मानित किया गया वैष्णव ने एकादशी देवउठनी एवं मंडई आयोजन के समस्त ग्रामवासियों हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा मंडई आयोजन से एक दूसरे गांव भाईचारा प्रेम सदैव बना रहता है रात्रि में लोगों मनोरंजन के लिए ज्ञान के पूजा छत्तीसगढ़ी लोक संगीत मुरमाडी महाराष्ट्र रखा गया अध्यक्ष डगेशवर साहू उपाध्यक्ष नेकचंद साहू माधो चंदाकर रामेश्वरम चंदाकर चम्पा चंदाकर सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहा।

पॉस्को एक्ट एवं बाल संरक्षण पर विशेष कार्यशाला आयोजित

डोंगरगांव 13 नवंबर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खुज्जी में पोक्सो एक्ट एवं बाल संरक्षण विषय पर विशेष न्यायाधीश फास्ट टैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो अविनाश तिवारी ने कार्यशाला लगाई.कार्यशाला में डोंगरगांव थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह,अधिवक्ता महेन्द्र सिंह , एस.आई. डी.के. रावटे शामिल थे। शाला के प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू सभी शिक्षक सहित शाला की सभी छात्र छात्राएं कार्यशाला में उपस्थित थे। विशेष न्यायाधीश अविनाश तिवारी ने छात्रों को पोक्सो एक्ट तथा बाल संरक्षण अधिनियम की विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने छात्रों को बताया कि 18 वर्ष से पहले कोई भी लड़की किसी लड़के के साथ अपनी इच्छा तथा सहमति से भी चली जाती है तो भी लड़की के अवयस्क होने के कारण इसे कानून स्वीकार नहीं करता और इसमें पॉक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही होती ही है। इसी तरह श्री तिवारी ने बताया कि शाला में किसी भी छात्रा से किसी भी प्रकार का दैहिक या सेक्शुअल हरकत होता है और यदि संकोचवश किसी शिक्षक ,शिक्षिका या माता पिता को नहीं बता पा रहे हैं तो स्कूल में एक पॉक्सो बॉक्स होता है जिसमे घटना की जानकारी पत्र में लिखकर डाल सकते हैं।

पड़ोस में जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस्लामाबाद में आतंकवाद को निशाने पर लेकर जो स्पष्ट संदेश दिया है, वह सुखद और स्वागतयोग्य है। पाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) परिषद के शासनाध्यक्षों की 23वीं बैठक में विदेश मंत्री ने विकास के लिए वास्तविक साझेदारी, शांति और स्थिरता के महत्व पर पुरजोर प्रकाश डाला है। इसमें कोई संदेह नहीं कि आतंकवाद का असर व्यापार, ऊर्जा संचार और संवाद-संपर्क पर पड़ता है। अगर हम यह देखें कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत क्यों बंद है, तो इसकी मूल वजह आतंकवाद ही है। भारत के प्रति पाकिस्तान का दुश्मनी भरा व्यवहार किसी से छिपा नहीं है। जब वह सुधरने को तैयार नहीं है, तब दोनों देशों के संबंधों में सुधार भला कैसे होगा? बड़ी बात यह भी है कि भारत की शिकायत पर कान देने वाले महत्वपूर्ण देशों की कमी है। विशेष रूप से शंघाई सहयोग संगठन में शामिल चीन की अगर भूमिका देखी जाए, तो दक्षिण एशिया में तानाशाही और आतंकवाद, दोनों के प्रति वह कतई गंभीर या ईमानदार नहीं है। शंघाई सहयोग संगठन में भी वह भारत की अनदेखी करते हुए केवल अपना फायदा देखना चाहता है। जब दुनिया के तमाम देश अपना हित देख रहे हैं, तब भारत को भी अपना हित देखना ही चाहिए। भारत विश्व स्तर पर अनेक बार यह बात दोहरा चुका है कि बंदूक और व्यवसाय, दोनों साथ नहीं चल सकते हैं। विभिन्न ध्रुवों में बंटी दुनिया में भारत की आवाज को पूरी तरह से सुना नहीं जा रहा है, तब संयुक्त राष्ट्र में सुधार की भारतीय कोशिशें स्वाभाविक हैं। इस्लामाबाद में भी विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के पक्ष में पैरोकारी की है। सुधार की यह बात वास्तव में चीन को भी संबोधित है। ध्यान रहे, लगभग नौ वर्षों में यह पहली बार है, जब भारत के विदेश मंत्री पाकिस्तान की यात्रा पर गए हैं, जहां वह पाकिस्तानी नेताओं के साथ औपचारिक अभिवादन तो साझा कर रहे हैं, पर अलग से उनकी मुलाकात मुफीद नहीं है। पाकिस्तान की ओर से यह कोशिश बार-बार हुई है कि भारतीय नेता के साथ अलग से बातचीत हो जाए, व्यापार पर न सही, मौसम पर हो जाए, पर भारत इसके लिए अभी तैयार नहीं है। अनेक बार धोखा खा चुका भारत चाहता है कि शंघाई सहयोग संगठन की 23वीं बैठक के दौरान केवल व्यापार और आर्थिक एजेंडे पर ध्यान केंद्रित रहे। ऐसे में, पाकिस्तान से अलग से बात करने का फिलहाल कोई तुक भारतीय विदेश मंत्रालय को नजर नहीं आता है। पाकिस्तान बात करने को लालायित तो है, पर उसके व्यवहार में बदलाव के संकेत नदारद हैं। खैर, शंघाई सहयोग संगठन एक स्थायी अंतरसरकारी अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जिसकी स्थापना 15 जून, 2001 को कजाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान द्वारा शंघाई में की गई थी। समय के साथ इस संगठन का विस्तार हुआ, पर इस संगठन से आज के समय में पाकिस्तान को ज्यादा और भारत को कम फायदा है। चीन और पाकिस्तान मिलकर जो कॉरिडोर बना रहे हैं, जिसे सीपैक कहा जा रहा है, उसके बारे में भी भारत की चिंता जायज है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ अब बोल रहे हैं कि भारतीय प्रधानमंत्री को बैठक में आना चाहिए था, पर उन्हें यह सवाल अपने आप से पूछना चाहिए कि आतंकवाद संबंधी मनमोहन सिंह की चिंता या नरेंद्र मोदी की चिंता पर उन्होंने कितना और कैसे गौर किया है? भारत की चिंता दूर हो, तो ही भारत संवाद के लिए तैयार हो, यही न्यायोचित है।

संपादकीय

भारत की विमान निर्माण के क्षेत्र में कदम सबसे बड़ी चुनौती

भारत ने जब विमान निर्माण के क्षेत्र में ऊंची महत्त्वाकांक्षा रखते हुए अब कदम रखा है, तो क्वालिटी और किफायत के पहलू उसके आगे सबसे बड़ी चुनौती हैं। बेशक, टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्पलेक्स में मौजूद प्रबंधक इस चुनौती से वाकिफ होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेद्रो सांचेज ने गुजरात के वडोदरा में अति-महत्त्वाकांक्षी विमान परियोजना का उद्घाटन किया है। इसके तहत प्रतिस्पर्धी कीमत पर विमान या उसके पाट-पुर्जे बना कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतारना संभव हुआ, तो वह सचमुच एक बड़ी उपलब्धि होगी। 'टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्सइ नाम से निर्मित इस परियोजना के तहत यूरोप की मशहूर विमान निमार्ता कंपनी एयरबस और भारत के टाटा ग्रुप ने साझा उद्यम लगाया है। जाहिर है, इसमें तकनीक और विशेषज्ञता एयरबस लगाएगी, जबकि टाटा समूह स्थानीय ढांचे तथा कुशल कर्मियों का योगदान करेगा। बताया गया है कि यहां सी-295 सैन्य यातायात विमानों का उत्पादन होगा। 2021 में एयरबस डिफेंस और स्पैनिश कंपनी 'स्पेस एसइ के साथ 56 सी-295 विमानों की सप्लाई के लिए 21,935 करोड़ रुपयों के समझौते पर भारत की ओर से हस्ताक्षर किए गए थे। सूचनाओं के मुताबिक यहां आरंभिक 16 विमान तो स्पेन से मंगवाए जाएंगे, लेकिन उसके बाद 40 विमानों का यहीं पर उत्पादन होगा। विमानों की असेंबली, परीक्षण, डिलीवरी और मेंटेनेंस भी यहीं पर होगी। सांचेज ने एलान किया कि इस परिसर में पहला विमान 2026 में बन कर तैयार होगा। एयरबस यूरोपीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है, जिसका मुख्यालय फ्रांस में है। लेकिन इसमें अनेक यूरोपीय देशों के कारोबारियों का निवेश है। स्पेन उसका एक बड़ा उत्पादन स्थल है, हालांकि उसके पाट-पुर्जे यूरोप के कई देशों में तैयार होते हैं। अमेरिका की बोइंग और यूरोप की एयरबस- अब तक दुनिया में ये ही दो बड़ी विमान उत्पादक कंपनियां रही हैं। बोइंग के संकटग्रस्त होने के बाद एयरबस ने अपने कारोबार में बड़े उछाल की आस जोड़ी है। हालांकि इस बीच चीन भी विमान निर्माण के बाजार में उतर चुका है। अपने घरेलू बाजार के अलावा इस सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को कई देशों से ऑर्डर मिल चुके हैं।

बाल दिवस

कल्पना पांडे

नेहरू से हमें जो सीखना चाहिए

इतने सालों बाद हमे शर्म से ये स्वीकार कर लेना चाहिए कि धार्मिक आडंबरों, पाखंड और अंधविश्वास फैलाने वाले और दकियानूसी सोच के सभी धर्मों के धर्मगुरुओं के बढ़ते प्रभाव और वोटों के लिए उन्हे मिलते राजनीतिक संरक्षण के इस दौर में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की नेहरूवादी समझ और भारतीय संदर्भ में इसके वास्तविक उपयोग और कार्यान्वयन के बीच अब गहरी खाई तैयार हो चुकी है। इसीलिए नेहरू आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उस समय थे। आज देश में जब तमाम जगहों पर अंधविश्वास फैलाने वाले धर्मगुरुओं नेताओं की बाढ़ आई हुई है ऐसे में तकरीबन सत्तर साल पहले पंडित जवाहर लाल नेहरू का ये कहना कि, राजनीति मुझे अर्थशास्त्र की ओर ले गई और उसने मुझे अनिवार्य रूप से विज्ञान और अपनी सभी समस्याओं और जीवन के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की ओर प्रेरित किया. सिर्फ विज्ञान ही भूख और गरीबी की समस्याओं का समाधान कर सकता है. विज्ञान ही वह इकलौता जरिया है जो भूख और गरीबी को मिटा सकता है. बेहद दूरदर्शिता से भरा और दृष्टिगामी हो जाता है। जवाहरलाल नेहरू की वैज्ञानिक सोच की अवधारणा एक तर्कसंगत दृष्टिकोण है, जिसके बारे में उनका मानना था कि यह किसी की सोच और कार्यों का अभिन्न अंग होना चाहिए। विज्ञान और धर्म के बीच उनके मन में कोई अंतर्विरोध नहीं था। उनका मानना था विज्ञान धर्म जैसा नहीं है, जो अंतज्ञांन और भावना पर निर्भर करता है। नेहरू का मानना था कि विज्ञान लोगों को पारंपरिक मान्यताओं को एक नए नजरिए से देखने में मदद कर सकता है, और धर्म असहिष्णुता, अंधविश्वास और तर्कहीनता को जन्म दे सकता है। नेहरू के अनुसार वैज्ञानिक सोच जीवन जीने का एक तरीका है, सोचने की एक प्रक्रिया है, और काम करने का एक तरीका है। इसमें नए सबूतों के लिए खुला रहना, निष्कर्ष बदलना और देखे गए तथ्यों पर भरोसा करना शामिल है। नेहरू का मानना था कि वैज्ञानिक सोच के प्रसार से धर्म का दायरा कम हो जाएगा। नेहरू ने वैज्ञानिक सोच के महत्व पर जोर दिया और माना कि इसे व्यक्तिगत, संस्थागत, सामाजिक और राजनीतिक स्तरों पर बढ़ावा दिया जाना चाहिए। स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले ही नेहरू ने सन् 1938 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस की एक बैठक में कहा था: 'विज्ञान जीवन की वास्तविक प्रकृति है. केवल विज्ञान की ही सहायता से भूख, गरीबी, कुतर्क और निरक्षरता, अंधविश्वास एवं खतरनाक रीति-रिवाजों और दकियानूसी परम्पराओं, बर्बाद हो रहे हमारे विशाल संसाधनों, भूखों और सम्पन्न विरासत वाले लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है. आज की स्थिति से अधिक सम्पन्न भविष्य उन लोगों का होगा, जो विज्ञान के साथ अपने संबंध को मजबूत करेंगे.' वैज्ञानिक दृष्टिकोण को नेहरु ने सन् 1946 में अपनी पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लोकहितकारी और सत्य को खोजने का मार्ग बताया था. वैज्ञानिक दृष्टिकोण किसी स्थिति के मूल कारणों के वस्तुगत विश्लेषण करने पर जोर देती है. वैज्ञानिक कार्यपद्धति के प्रमुख या अनिवार्य गुणधर्म जिज्ञासा, अवलोकन, प्रयोग, गुणात्मक व मात्रात्मक विवेचन, गणितीय प्रतिरूपण और पूवार्नुमान हैं. नेहरू के मुताबिक ऐसा नहीं है, ये वैज्ञानिक कार्यपद्धति हमारे जीवन के सभी कार्यों पर लागू हो सकती है क्योंकि इसकी उत्पत्ति हम सबकी जिज्ञासा से होती है. इसलिए प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह वैज्ञानिक हो अथवा न हो, वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाला हो सकता है. दरअसल, वैज्ञानिक दृष्टिकोण दैनिक जीवन की प्रत्येक घटना के बारे में हमारी सामान्य समझ विकसित करती है. नेहरू जी के अनुसार इस प्रवृत्ति को जीवन में अपनाकर अंधविश्वासों एवं पूर्वाग्रहों से मुक्ति प्राप्त की जा सकती है. नेहरू अपनी पुस्तक 1946 की पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया के पृष्ठ 512 पर लिखते हैं ह्लआज विज्ञान के अनुप्रयोग सभी देशों और लोगों के लिए अपरिहार्य और अटल हैं। लेकिन इसके अनुप्रयोग से कहीं ज्यादा कुछ और भी जरूरी है। यह है वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विज्ञान का साहसिक और फिर भी आलोचनात्मक स्वभाव, सत्य और नए ज्ञान की खोज, बिना परीक्षण और परीक्षण के किसी भी चीज को स्वीकार करने से इनकार करना, नए सबूतों के सामने पिछले निष्कर्षों को बदलने की क्षमता, पहले से तय सिद्धांत पर नहीं बल्कि देखे गए तथ्य पर भरोसा करना, मन का कठोर अनुशासन - यह सब सिर्फ.विज्ञान के अनुप्रयोग के लिए ही नहीं बल्कि जीवन और उसकी कई समस्याओं के समाधान के लिए भी जरूरी हैह्वह्व वैज्ञानिक दृष्टिकोण को नेहरू विज्ञान को लागू करने से भी ज्यादा महत्व देते हैं। जाहीर है इस तरह के वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बिना न समाज का विकास संभव है नया विज्ञान का। नेहरू ने भारत की एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में को कल्पना की और जिसके लिए प्रयत्न किया वो आधुनिक भारत उनके हिसाब से ऐसा होना था जहाँ



लोग, पूर्व-धारणाओं और धार्मिक हठधर्मिता से मुक्त होकर, अपने आस-पास की दुनिया को समझने, अपने जीवन को बेहतर बनाने और सामाजिक समस्याओं को हल करने के लिए वैज्ञानिक पद्धति का उपयोग करेंगे। देश और उसके लोगों की जरूरतों को पूरा करने में विज्ञान और उसके अनुप्रयोगों के महत्व पर जोर देते हुए, नेहरू ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी को सोच और तर्क के एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण, 'जीवन का एक तरीका' और 'स्वतंत्र व्यक्ति के स्वभाव' के रूप में परिभाषित किया।

इसलिए, नेहरू ने न केवल राष्ट्र के विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने के भौतिक और व्यावहारिक लाभों को पहचाना, बल्कि उन्होंने जीवन के प्रति दार्शनिक दृष्टिकोण के रूप में विज्ञान (वैज्ञानिक पद्धति, दृष्टिकोण और स्वभाव सहित) की भी दृढ़ता से पैरवी की और उसके समर्थन तर्क दिए। भौतिक उपलब्धियों की तरह की विज्ञान की संस्कृति में नेहरू की गहरी रुचि थी। इसलिए वे बार-बार रवैज्ञानिक स्वभावह और रविज्ञान की भावनाह शब्दों का इस्तेमाल करते थे। विज्ञान की उनकी समझ एक दार्शनिकता लिए हुए थी। इसने उन्हें अपने सामाजिक आदर्शों और राजनीतिक विश्वासों को तर्कसंगतता पर आधारित, उनके धर्मनिरपेक्ष विश्वदृष्टिकोण और वैज्ञानिक समाजवाद की अवधारणाओं को विकसित करने और दुनिया के आगे उनके विचारों के रूप में रखने और कार्यपद्धति का हिस्सा बनाने में सक्षम बनाया। 1951 में विज्ञान कांग्रेस में उन्होंने कहा, ह्लमेरी रुचि मुख्य रूप से भारतीय लोगों और यहां तक कि भारत सरकार को वैज्ञानिक कार्य और इसकी आवश्यकता के प्रति जागरूक बनाने की कोशिश में है ह्व ये साफ कहते हैं कि अकेले विज्ञान ने यह सुनिश्चित किया कि समाज उस तरह की बर्बरता की ओर न लौटे, जिसकी धार्मिक कट्टरता और प्रतिक्रियावादी रूढ़िवादिता बार-बार धमकी देती रही है। इसीलिए जितने साफ तौर पर नेहरू हिंदू और मुस्लिम संप्रदायवादियों की निंदा करते हुए उन्हें बेहद पिछड़ा बता सके और इन तत्वों को सरकार से दूर रख सके वैसा कोई केंद्र सरकार नहीं कर सकी। भारत की स्वतंत्रता के बाद नए संविधान को लागू करने की चुनौतियों के साथ हमारे देश का नेतृत्व आधुनिक भारत के निमार्ता जवाहरलाल नेहरू ने संभाला। देश के इस पहले प्रधानमंत्री को इस बात का भलीभांति बोध था कि वैज्ञानिकों सहित हमारे लोगों को तर्कहीनता, धार्मिक रूढ़िवादिता और अंधविश्वासों ने जकड़ा हुआ है. नेहरू का यह मानना था कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का एक ही रास्ता है- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को विकास से जोड़ा जाए. प्रधानमंत्री के रूप में, नेहरू ने अपने वैज्ञानिक विचारों के अनुसार वैज्ञानिक प्रतिष्ठानों का निर्माण किया। अगस्त 1947 में उन्होंने अपने निर्देशन में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए एक केंद्रीय सरकारी पोर्टफोलियो बनाया। 1951 में प्राकृतिक संसाधन और वैज्ञानिक अनुसंधान मंत्रालय बना जिसका वैज्ञानिक अनुसंधान विभाग में आगे विस्तार हुआ। नेहरू ने वैज्ञानिक मामलों पर संसद में बहस का नेतृत्व करना, भारतीय विज्ञान कांग्रेस की वार्षिक बैठकों को संबोधित करना और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के शासी निकाय की अध्यक्षता करना जारी रखा। भारत के उत्तर-औपनिवेशिक विज्ञान के संरक्षक और मार्गदर्शक की तरह उन्होंने अपने वैज्ञानिकों को महत्व दिया। इनमें वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के महानिदेशक एस.एस. भटनागर, भारत की योजना व्यवस्था के सांख्यिकीविद् पी.सी. महालनोबिस और भारत के परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष होमी के. भाभा शामिल थे। नेहरू ने परमाणु ऊर्जा विभाग पर अपना निजी नियंत्रण बनाए रखा। परमाणु ऊर्जा में उनकी गहरी रुचि ने यह सुनिश्चित किया कि यह एक महत्वपूर्ण ऊर्जा स्रोत तथा भारत की वैज्ञानिक आधुनिकता के प्रतीक के उभरे। भाभा के साथ उनके संबंध विशेष रूप से घनिष्ठ थे, जिससे परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के लिए विशेषाधिकार प्राप्त वित्त पोषण संभव हो सका। इसीलिए नेहरू का समय भारतीय विज्ञान के उत्कर्ष का युग था। उस समय छद्मविज्ञान की अवधारणाओं को किसी भी तरह का बढ़ावा सरकार द्वारा नहीं दिया गया। नेहरु ने ही हमारे शब्द-ज्ञान में साइंटिफिक टेम्पर (वैज्ञानिक दृष्टिकोण) शब्द जोड़ा. वे डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखते हैं : आज के समय में सभी देशों और लोगों के लिए विज्ञान को प्रयोग में लाना अनिवार्य और अपरिहार्य है. लेकिन एक चीज विज्ञान के प्रयोग में लाने से भी ज्यादा जरूरी है और वह है वैज्ञानिक विधि जो कि साहसिक है लेकिन बेहद जरूरी भी है और जिससे वैज्ञानिक दृष्टिकोण पनपता है यानी सत्य की खोज और नया ज्ञान, बिना जांचे-परखे किसी भी चीज को न मानने की हिम्मत, नए प्रमाणों के आधार पर पुराने नतीजों में बदलाव करने की क्षमता, पहले से सोच लिए गए सिद्धांत की बजाय, प्रेक्षित तथ्यों पर भरोसा करना, मस्तिष्क को एक अनुशासित दिशा में मोड़ना- यह सब नितांत आवश्यक है. केवल इसलिए नहीं कि इससे विज्ञान का इस्तेमाल होने लगेगा, लेकिन स्वयं जीवन के लिए और इसकी बेशुमार उलझनों को सुलझाने के लिए भी.....वैज्ञानिक दृष्टिकोण मानव को वह मार्ग दिखाता है, जिस पर उसे अपनी जीवन-यात्रा करनी चाहिए. यह दृष्टिकोण एक ऐसे व्यक्ति के लिए है, जो बंधन-मुक्त है, स्वतंत्र है. नेहरु ने भारत में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के लिए अनेक प्रयत्न किए. इन्हीं प्रयत्नों में से एक है उनके द्वारा सन् 1958 में देश की संसद (लोकसभा) में विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति को प्रस्तुत करते समय वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विशेष महत्त्व देना. उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सोचने का तरीका, कार्य करने का तरीका तथा सत्य को खोजने का तरीका बताया था. सारी दुनिया के लिए यह पहला उदाहरण था, जब किसी देश की संसद ने विज्ञान नीति का प्रस्ताव पारित किया हो. उनका कहना था कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण का मतलब महज परखनली को ताकना, इस चीज और उस चीज को मिलाना और छोटी या बड़ी चीजें पैदा करना नहीं है. वैज्ञानिक दृष्टिकोण का मतलब है दिमाग को और जिंदगी के पूरे ढर्रे को विज्ञान के तरीकों से और पद्धति से काम करने के लिए प्रशिक्षित करना. वैज्ञानिक दृष्टिकोण का संबंध तर्कशीलता से है. वैज्ञानिक दृष्टिकोण के अनुसार वही बात ग्रहण के योग्य है जो प्रयोग और परिणाम से सिद्ध की जा सके, जिसमें कार्य-कारण संबंध स्थापित किये जा सकें. चर्चा, तर्क और विश्लेषण वैज्ञानिक दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण अंग है. निष्पक्षता, मानवता, लोकतंत्र, समानता और स्वतंत्रता आदि के निर्माण में भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण कारगर है. 1976 में 42वें संवैधानिक संशोधन के हिस्से के रूप में अनुच्छेद 51ए(एच) के तहत भारतीय संविधान में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवतावाद और खोज और सुधार की भावना विकसित करना प्रत्येक नागरिक के दस मौलिक कर्तव्यों में से एक घोषित किया गया. विज्ञान और प्रौद्योगिकी को मानवतावाद की भावना के साथ जोड़ा जाना इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि अंततः हर तरह की तरक्की का लक्ष्य मानव और जीवन की गुणवत्ता और उसके संबंध का विकास है. हमारे बच्चों और समाज में इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास ही नेहरूजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी.

बाल दिवस विशेष

बाल प्रज्ञानः बालमन का सुन्दर विश्लेषण

चली हवाएँ करती सन-सन।
झूम उठे हैं सबके तन-मन॥
बादल प्यारे गीत सुनाते।
बच्चे मिलकर धूम मचाते॥
जीव जन्तु और खेत हर्षाए।
पंछियों ने पँख फैलाए॥

इस बालकविता संग्रह की पहली कविता 'बने संतान आदर्श हमारी' में कवि ने किसी भी माता-पिता की होने वाली संतान का सुन्दर चित्रण किया है। बालमन के स्तर पर उतरकर कवि ने भावना को सहज रूप से मुखरित करते हुए कहा है-

बने संतान आदर्श हमारी, वह बातें सिखला दूँ मैं।
सोच रहा हूँ जो बच्चा आये, उसका रूप, गुण सुना दूँ मैं॥
बाल घुंघराले, बदन गठीला, चाल, ढाल में तेज भरा हो।
मन शीतल हो ज्यों चंद्र-सा, ओज सूर्य-सा रूप धरा हो॥
मन भाये नक्स, नैन हो, बातें दिल की बता दूँ मैं।
बने संतान आदर्श हमारी, वह बातें सिखला दूँ मैं॥

'नानी' इस संग्रह की लम्बी कविता है जिसमें बाल सुलभ शरारतों का यथार्थ और आकर्षक वर्णन किया गया है। बच्चे घर में उछलकूद कर सारा घर अस्त-व्यस्त कर देते हैं। जब उन्हें कोई रोकता है तो मन में खीज पैदा होती है। कवि ने बच्चों की इसी चंचलता का पक्ष रखते हुए कहा है-

₹ मन चाहे मैं बाहर घूमूँ।
मस्ती सब के साथ करूँ।
खेलूँ दौड़ सबके संग मैं,
कुश्ती में दो हाथ करूँ॥
जी भर के मैं तैरूँ जाकर,
पकड़े तो मैं हाथ न आऊँ।
बचपन चाहता केवल मस्ती,
सबको मैं ये बात बताऊँ॥
नानी-नानी कहो मम्मी से,
इस बन्धन को दूर भगाएँ।
हम सब बच्चे घर से निकलें,
खेलें-कूदें मौज मनाएँ॥₹

'बाल प्रज्ञान' बाल कविता संग्रह की उक्त कविताओं के उदाहरणों से स्पष्ट है कि कवि श्री डॉ. सत्यवान सौरभ बालमन के कुशल पारखी हैं। वे बच्चों को भाने वाले विषयों के साथ ही उनके लिए उपयोगी विषयों को भी अच्छी तरह से जानते हैं। उनका बालमन, बच्चों के साथ बहुत रमता है। संग्रह की शेष रचनाएँ भी बालमन को आकर्षित करने वाली हैं। ये कविताएँ जीवन के विविध पक्षों पर सकारात्मक दृष्टि से विचार करती हुई, बच्चों को संस्कारित करने का काम करती हैं। 'मन को भाता है कम्प्यूटर' कविता में कंप्यूटर के माध्यम से कंप्यूटर का महत्त्व बताते हुए उसे अनमोल कहा गया है। 'तितली रानी' कविता, आधुनिक समय में पक्षियों के महत्त्व पर प्रकाश डालती है। 'हरियाली तुम आने दो।' रचना, बचपन में बच्चों द्वारा पेड़-पौधें पसंद करने के आनन्द पर आधारित है। 'दादा-दादी' एक बाल सजल है जिसमें बच्चों की दादी के घर जाने की उत्सुकता अभिव्यक्त की गई है। दादी के घर में बच्चों को दादा-दादी, बुआ और चाचा का प्यार मिलता है।

'करो स्कूल की सब तैयारी' कविता बच्चों के विद्यालय जाने के उत्साह को शब्दायित करती है। 'कितने सारे आम' कविता में पेड़ पर लटके कच्चे-पक्के आम बच्चों को लुभाते हैं। 'सेहत का खजाना' कविता में सब्जियों के गुणों का बखान किया गया है। 'पुलिस हमारे देश की' कविता, बच्चों में देश सेवा की भावना को लाती है। 'सदा तिरंगा यूं लहराये' कविता, बच्चों को अच्छी बातें अपनाकर जीवन को सफल बनाने का संदेश देती है। 'चिट्ठी' कविता में आज के समय में चिट्ठियों के नहीं लिखने पर चिन्ता व्यक्त की गई है। चिट्ठियाँ नहीं आने से डाकिया भी बहुत दिनों के बाद कभी-कभार ही दिखाई देता है।

'गिलहरी' कविता में छुट्टी के दिन बच्चों द्वारा पार्क में पिकनिक मनायोजते वक़्त गिलहरी का सजीव वर्णन है। 'प्यारी चिड़िया रानी' कविता में मानव द्वारा जंगलों को उजाड़ने के कारण वन्य जीवों पर आए संकट का मार्मिक चित्रण है। 'दूधवाला' कविता में कवि मार्मिकचित्र बनाता है, 'फूलों की सीख' कविता में रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई है। 'चंदा मामा' कविता बचपन में हिलमिल कर रहे तारों के बीच चाँद सेबच्चों को मिलने वाली सीख को दशार्ती है। 'ऋतु बसन्त है आई' कविता में बसन्त ऋतु में प्रकृति में आए निखार को दशार्या गया है। 'आ री आ, ओरी गौरैया' कविता में छोटी–सी चिड़िया गौरैया के प्रति बच्चों के प्रेम को चित्रित किया गया है। 'पूसी-मौसी, मरियल-मंकी' कविता में पूसी बिल्ली, मरियल मंकी और लालू कुत्ते की दोस्ती के माध्यम से सबको आपस में मिलजुल कर रहने का सदेश दिया गया है। 'रंग-बिरंगी' कविता में एक बच्चा दादू से पिचकारी खरीदने को कहता है ताकि वह अपने मित्रो के साथ मस्ती से होली खेल सके। यह कविता, त्यौहारों के प्रति बच्चों के उत्साह को प्रकट करती है।

बाल कविता संग्रह 'बाल प्रज्ञान' की सभी कविताएँ कवि के मौलिक और यथार्थपरक चिन्तन पर आधारित हैं जो बच्चों को अपने आस-पास के परिवेश की महत्त्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराती हैं। ये कविताएँ जहाँ आज के बच्चों की शहरी जीवन शैली का परिचय कराती हैं, वहीं कवि के प्रकृति के प्रेम का भी परिचय देती हैं। ये कविताएँ आधुनिक भावबोध की कविताएँ हैं जो बदली परिस्थितियों का सामना करने के लिए बच्चों को मानसिक रूप से तैयार करती हैं। इन कविताओं की भाषा पढ़े-लिखे परिवारों की बोलचाल की भाषा है जिसमें हिन्दी और अंग्रेजी के शब्दों का मिलाजुला प्रयोग होता है। ये कविताएँ बच्चों से सम्बन्धित विषयों को संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच के साथ उजागर करती हैं। कवि ने समसामयिक विषयों को बालमन की कोमलता के साथ स्पर्श किया है। बच्चों से संवाद करती ये कविताएँ बालमन को मनोरंजन प्रदान करने के साथ ही उन्हें स्वस्थ चिन्तन के लिए प्रेरित करती हैं। बालोपयोगी सुन्दर कृति 'बाल प्रज्ञान' के सर्जन के लिए कविवर श्री डॉ। सत्यवान सौरभ जी को हार्दिक बधाई।

सुरेश चन्द्र 'सर्वहारा'

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

आधुनिकता का चश्मा और गांव का चंदन

हर जगह एक आवाज सुनाई देती ह – ₹आधुनिकता₹। यह शब्द अब हर किसी के मुंह में बसा हुआ है। टीवी पर, सोशल मीडिया पर, यहाँ तक कि चाय की दुकान पर भी, ₹आधुनिकता₹ की चर्चा चलती रहती है। लेकिन जब आप गांवों में जाते हैं, तो वहां यह शब्द किसी पुराने जूते की तरह पड़ा रहता है, जिसे कोई देखना नहीं चाहता। आज हम गांव की पृष्ठभूमि में आधुनिकता की इस अद्भुत कहानी को समझने की कोशिश करते हैं। गांव का नाम लें, और वहां के लोग अपने छोटे-छोटे कामों में लगे रहते हैं। एक तरफ जहां शहरों में लोग फैंसी कपड़ों में घूमते हैं, वहीं गांव में चंदन की खुशबू और धूल भरे कपड़े हैं। गांव के प्रधान जी, जिन्हें लोग ₹सर्वशक्तिमान₹ मानते हैं, हमेशा कहते हैं, ₹हमारी पहचान हमारी परंपरा है₹ लेकिन जब चुनाव का समय आता है, तो वे आधुनिकता का चश्मा पहनकर शहर के नेताओं के पीछे दौड़ते हैं। गांव में एक मुहावरा है, ₹जो कुत्ता भौंका, वही बकरा बना₹। इस मुहावरे का सीधा सा अर्थ है कि जो बोलता है, वही चलता है। गांव में एक नया ₹बुद्धिजीवीह आया है, जिसने शहर से पीएचडी की है। उसने गांव वालों को बताया कि ₹अब आपको अपने कामों को डिजिटल करना होगा₹ गांव वाले एक-दूसरे की शक्लें देखने लगे, जैसे कोई विदेशी प्रजाति का जीव सामने आ गया हो। बुद्धिजीवी ने गांव में एक बैठक बुलाई। उसने सभी को बताया कि उन्हें अब हर काम में स्मार्टफोन का इस्तेमाल करना होगा। ₹आपको अपने खेतों में भी ऐप्स का इस्तेमाल करना पड़ेगा,₹ उसने कहा। गांव वालों ने एक-दूसरे को देखा और सिर खुजाने लगे। ₹भाई, हमारे खेत तो हैं, पर यह ऐप्स कहां से लाएंगे? बुद्धिजीवी ने हंसते हुए कहा, ₹आपको बस कुछ पैसे खर्च करने होंगे। सबकुछ आसान है₹ गांव वाले सोचने लगे कि पैसे खर्च करने से तो हजारों साल पुरानी परंपराएं खत्म हो जाएंगी। लेकिन फिर भी, उनका डर कुछ कम हुआ। बुद्धिजीवी ने गांव में एक कंप्यूटर क्लास शुरू की। पहले दिन सभी ने हाजिर होकर सिखने की कोशिश की। पर जब उन्हें बताया गया कि 'क्लिक' कैसे करना है, तो आधे गांव के लोग चकरा गए। एक बुजुर्ग ने कहा, ₹बेटा, जब से मैंने खेती शुरू की है, मैंने कभी चूहों के साथ खेलने की कोशिश नहीं की। अब यह चूहा बड़ा हो गया है! धीरे-धीरे गांव में शहरीकरण शुरू हो गया। एक दिन गांव में एक युवती आई, जिसने कहा, ₹आपको अब सोशल मीडिया पर आना पड़ेगा।₹ गांव वालों ने फिर से एक-दूसरे को देखा, जैसे वे किसी जादुई जुगाड़ के बारे में सुन रहे हों। युवती ने उन्हें बताया कि उनके लिए एक फेसबुक पेज बनाना जरूरी है। ₹आपकी ताजी सब्जियों की तस्वीरें डालें, लोग पसंद करेंगे।₹ उसने उत्साह से कहा। गांव वाले सोचने लगे कि जब सब्जियां ही गंदगी में पड़ी रहती हैं, तो कैसे कोई उन्हें पसंद करेगा? समय बीतता गया, और गांव में लोग स्मार्टफोन और ऐप्स के पीछे भागने लगे। सब्जियों की खेती में तो सब कुछ ठीक रहा, लेकिन अब लोग खेतों में भी अपनी री'ाी₹ लेने लगे। ₹किसान की आत्मा₹ अब स्मार्टफोन में समा गई थी।

आधुनिकता का चश्मा पहने लोग यह भूल गए थे कि गांव की असली खूबसूरती उसकी सादगी में है। जब गांव में पानी की समस्या बढ़ी, तो किसी ने भी ₹स्मार्ट सिटी₹ बनाने की नहीं सोची। सब्जियां उगाने के लिए स्मार्ट तरीके तो अपना लिए, लेकिन पानी के लिए किसी ने भी ऐप नहीं बनाया। गांव की पंचायत ने फैसला किया कि गांव को स्मार्ट बनाना है, लेकिन गांव की असली समस्या को सुलझाने में सब चुप रहे। अब, आधुनिकता की इस दौड़ में गांव का चंदन कहीं खो गया है। आधुनिकता का चश्मा पहनकर हम सभी को देखना चाहिए कि कहीं यह चश्मा हमारी परंपरा को धुंधला तो नहीं कर रहा है। एक दिन गांव में एक बूढ़ा आदमी बोला, ₹भाई, जो चश्मा हमारी आँखों को धुंधला कर दे, वह कितना भी स्मार्ट हो, हमें उसे उतार देना चाहिए। और सच में, हमें यह समझना होगा कि आधुनिकता का चश्मा पहनने से पहले हमें अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिए।

एक नजर

शिक्षकों की मांग के लिए आगे आये किरण देव

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के द्वारा किये गये मांग को पूरा करने को लेकर जगदलपुर विधायक और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव ने पहल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने गत 17 अक्टूबर को पत्र क्रमांक 499 के माध्यम से जगदलपुर विधायक और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव को ज्ञापन सौंपा गया थाए जिसमे उल्लेख था कि छग स्कूल शिक्षा सेवा ;शैक्षिक एवं प्रशासकीय संवर्गद्ध भर्ती एवं पदोन्नति नियम 2019 के अनुसार प्राचार्य पद पर पदोन्नति प्रदान किया जाये। जिस पर विधायक किरण देव के द्वारा संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव सायए स्कूल शिशा सचिव तथा संचालक . लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिख कर मांग पूरा करने निवेदन किया गया है।संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्माए प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव तथा जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि विगत चार माह पूर्व से अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर गोपनीय चरित्रवली तथा चल अचल संपत्ति कि जानकारी जमा कराई जा चुकी हैए परन्तु आगे की कारवाही रुकी हुई है। छग टीचर्स एसोसिएशन ने पदोन्नति की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने का निवेदन किया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान

दंतेवाड़ा, 13 नवंबर । महिला एवं बाल विकास विभाग नया रायपुर द्वारा जारी निर्देशानुसार एकीकृत बाल विकास परियोजना गीदम में 11 नवंबर को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सेक्टर से एक एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं एक एक आंगनबाड़ी सहायिका को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।यह सम्मान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के अच्छे कार्य उनके बेहतर कार्य शैली व उपलब्धि के लिए दिया गया। ज्ञात हो कि शासन ने 14 नवंबर को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सम्मान दिवस आयोजित किये जाने के लिए सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। यह सम्मान पंचायत स्तर पर एक कार्यकर्ता और एक सहायिका को, परियोजना स्तर पर प्रत्येक सेक्टर से एक कार्यकर्ता व एक सहायिका को तथा जिला स्तर पर सभी परियोजना से एक एक कार्यकर्ता व एक एक सहायिका को सम्मान दिया जाएगा।एकीकृत बाल विकास परियोजना गीदम में आयोजित सम्मान समारोह में परियोजना के सभी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक, परियोजना अधिकारी तथा मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष गीदम सुश्री अन्ति वेक, विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक संचालक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान, जगदलपुर श्री सुधाकर बोदेले महिला एवं बाल विकास विभाग उपस्थित रहे।जनपद पंचायत अध्यक्ष सुश्री अन्ति वेक द्वारा सभी कार्यकर्ता को भविष्य में बेहतर कार्य करने के लिए, सभी बच्चों , महिलाओं को स्वस्थ रखने के लिए तथा जिले का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी गई। सहायक संचालक श्री सुधाकर बोदेले, द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को पोषण परामर्श, प्रारंभिक बाल्यावस्था व देखरेख के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही सभी को भविष्य में बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी गई।कार्यक्रम का संचालन रक्षा मिश्रा एवं अनामिका परिहार व स्वागत रेणु घिवतोंडे पर्यवेक्षक द्वारा किया गया तथा समापन की घोषणा रामबाई नेताम पर्यवेक्षक द्वारा किया गया।

आंख फोड़वा कांड के दोषी अधिकारियों पर शासन-प्रशासन मेहरबान:तुलिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 13 नवंबर। करोड़ो के भ्रष्टाचार और गंभीर लापरवाही से लोगों के आंखों की रौशनी छिनने वाले जिला अस्पताल के भ्रष्ट प्रशासनिक अधिकारियों पर शासन प्रशासन की मेहरबानी साफ नजर आती है । इतने बड़ी लापरवाही और करोड़ो के वित्तीय अनियमिताओं के उजागर होने के बावजूद केवल छोटे कर्मचारियों को बली का बकरा बनाया गया जबकि बड़े अधिकारियों पर अब तक कोई कार्यवाही नही की जा रही । जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा है कि बीमार अस्पताल के अधिकारी अपनी लापरवाही और करोड़ो के घोटाले कर के भी बेफिक्र नज़र आते है वहीं दूसरी ओर छोटे और मासूम कर्मचारियों को फंसाकर उन्हें दंडित किया जा रहा है । मोतियाबिंद कांड में नेत्र चिकित्सक पर दबाव बनाकर टारगेट पूरा करने अधिकारियों ने सुरक्षा मानकों को ताक में रखकर बड़ी तादाद में ऑपरेशन करवाया और जब लोगों के आंखों में संक्रमण की बात आई तो नेत्र रोग विशेषज्ञ और कर्मचारियों के खिलाफ एक तरफा कार्यवाही कर दी गई वहीं दूसरे एचआईवी नेगेटिव की रिपोर्ट वाले मामले में भी जिम्मेदार अधिकारियों को क्लीनचिट देकर केवल रजिस्टर में रिपोर्ट लिखने वालो को दोषी करार दे दिया गया । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जारी ड्रग एन्ड कंज्युमेबल मद मामले में कलेक्टर के अनुमोदन के बिना 3 करोड़ 48 लाख रुपये का डाका डालने वाले अधिकारियों पर भी शासन प्रशासन मौन है केवल जांच का झुनझुना बजा रही है । इतनी बड़ी लापरवाही और करोड़ों की वित्तीय घोटाले कर लगातार दंतेवाड़ा जिले को बदनाम कर रहे जिला अस्पताल के उच्चाधिकारियों पर कानूनी कार्यवाही कर जेल भेजने की आवश्यकता है जिससे ऐसे अधिकारियों को सबक मिल सके । तुलिका ने चेतावनी देते कहा कि यदि शासन प्रशासन जल्द ही इन मामलों में निर्दोषों को बहाल और असल दोषी अधिकारियों को आरोपी नही बनाया तो हम उग्र आंदोलन करेंगे ।

नवगठित पंचायतों-2 में 15 वित्त आयोग की राशि के आहरण संवितरण पर लगी रोक

जगदलपुर, 13 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर ग्राम पंचायतों-2 की 15वें वित्त आयोग से संबंधित राशि के आहरण-संवितरण अधिकार पर लगाये गये रोक को हटाये जाने की मांग रखी हैविधायक बस्तर ने पत्र में कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम पंचायतों को प्रति वर्ष 15वें वित्त आयोग अंतर्गत राशि आबंटित की जाती है पूर्व वर्ष व इस वर्ष में भी राशि आबंटित किया गया है लेकिन विगत् 15-16 माह पूर्व नवगठित ग्राम पंचायतों-2 को आंवटित राशि के आहरण-संवितरण अधिकार पर अज्ञात कारणों से रोक लगा दी गई है बघेल ने कहा कि इन नवगठित सभी ग्राम पंचायतों में वे सभी कार्य, गतिविधियां व कार्य व्यवस्थायें प्रारंभ हैं जो अन्य ग्राम पंचायतों में हो रहे हैं इन सभी नवगठित ग्राम पंचायतों में प्रारंभ के तीन साढ़े तीन वर्ष 15वें वित आयोग सहित सभी मदों/शीर्षों से संबंधित राशि का आबंटन सामान्य रूप से प्राप्त होता था और इन राशियों का आहरण संवितरण अधिकार भी होता था विगत् 15-16 माह पूर्व 15वें वित आयोग से संबंधित आंवटित राशि के आहरण-संवितरण अधिकार पर रोक लगाकर शेष सभी मदों व शीर्षों में प्राप्त आंवटन का आहरण-संवितरण हो रहा है

बस्तर विधायक ने कहा कि ग्राम पंचायतों -2 द्वारा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत दिये गये अपने प्रस्ताव के आधार पर कई कार्य या तो प्रारंभ कर लिये गये अथवा पूर्ण भी कर लिये गये हैं लेकिन इस मद के आहरण-संवितरण की कार्यवाही पर रोक लगा दिये जाने से ग्राम पंचायतें चिंतित हैं इसमें संलग्न रहे मजदूर व सामग्री सप्लाई से संबंधित दुकानदार राशि भुगतान का दबाव बनाते हुये परेशान कर रहे हैं स्वाभाविक रूप से यह स्थिति ग्राम पंचायत की सभी गतिविधियों को प्रभावित कर रही है कई ऐसे ग्राम पंचायतें हैं जहां 15वें वित आयोग की राशि जमा है लेकिन आहरण-वितरण के अधिकार पर रोक लगा दिये जाने से प्रस्ताव अनुसार कोई कार्य नहीं कर पा रहे हैं अर्थात ग्राम पंचायत के विकास से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे हैं इसे लेकर पंचायत प्रतिनिधि दुःखी व क्षुब्ध हैं। बस्तर विधायक ने मुख्यमंत्री से कहा कि मेरा आपसे आग्रह है कि आप स्वतः इस गंभीर विषय को संज्ञान में लेकर व वस्तुस्थिति से अवगत होकर ग्राम पंचायत-2 के विकास एवं हितों को ध्यान में रखते हुये तत्काल ही यथोचित आदेश-निर्देश देने की कृपा करेंगे।

चितालुर के ग्रामीणों ने विधायक- कलेक्टर से की हड़पी हुई जमीन भूमाफियाओं से वापस दिलाने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 13 नवंबर। जिले में मालिक मकबूजा प्रकरण का जिन्न एक बार फिर से बाहर आया है । मंगलवार को चितालुर के ग्रामीण जिला कार्यालय पहुंचे और सन 1961- 62 में ग्राम चितालूर में सागौन पेड़ को लगाकर कटाई के बाद भू स्वामियों को वापस करने के नाम पर छलपूर्वक उनकी जमीनों को कब्जा कर उन्हें दूसरे व्यक्ति को बेचने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने उनकी जमीन वापस दिलाने की मांग की है। जिला पंचायत सीईओ (आई ए एस) संजय नाहटा को ज्ञापन की कॉपी सौंपी। ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी जमीनों का फर्जी बैनामा तैयार कर ,जमीन को अन्य व्यक्तियों का विक्रय कर दिया गया। ग्रामीणों ने गीदम और दंतेवाड़ा में निवासरत एक ही परिवार के सदस्यों द्वारा कपटपूर्ण तरीके से उनकी जमीनों को हड़पे जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने विधायक निवास पहुंच विधायक चैतराम अटामी को भी इस प्रकरण के संबंध में ज्ञापन सौंपा।बता दें मालिक मकबूजा प्रकरण को लेकर पूर्व में।जिले के बड़े नेताओं की संलिप्तता सामने आई थी जिन पर जांच भी बिठाई गई थी। आज वर्षों बाद फिर से उसी तरह के प्रकरण के सामने आने से जिले के भूमाफियाओं में फिर से हड़कंप मचने की संभावना है।

पीजी कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दंतेवाड़ा, 13 नवंबर । शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 01 जनवरी 2025 तक किया जाना है जिसके व्यापक प्रचार प्रसार हेतु शासकीय दंतेश्वरी महाविद्यालय दंतेवाड़ा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. के. एम. प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को अपील किया कि चीन का उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने और आसपास के लोगों को जागरूक करने के लिए अपील किया गया। स्वीप नोडल अधिकारी डॉ.दिनेश कुमार लहरी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नए मतदाताओं का पंजीकरण त्रुटि का सुधार एवं मतदाता सूची को अद्यतन करना है, ताकि सभी योग्य मतदाता आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का

बस्तर ओलम्पिक का सुचारू आयोजन सुनिश्चित करें: सीईओ जिला पंचायत

दंतेवाड़ा, 13 नवंबर । जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा ने आज कलेक्ट्रेट के डंकनी सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में विभिन्न विकास कार्यों सहित विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। वहीं उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन पर जोर देते हुए पात्र सभी लोगों को सेचुरेशन किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से विभागीय गतिविधियों और कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विकास कार्यों की प्रगति, जनकल्याणकारी योजनाओं का कार्यान्वयन और समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। जिला पंचायत सीईओ ने बैठक के दौरान सहकारी समितियों द्वारा पंजीयन का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश। जिले में चल रहे निर्माण कार्यों को तेजी से संचालित कर नियत समयावधि में पूर्ण किए जाने कहा। उन्होंने जिला स्तरीय सभी अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होने आय, जाति, निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु अभियान चलाया जाकर सेचुरेशन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। नक्सली हिंसा पीड़ितों के पुनर्वास हेतु आवास के लिए भूमि की उपलब्धता तथा अन्य सहायता प्रदान किए जाने कहा। सीईओ जिला पंचायत ने जिले के 600 आंगनबाड़ी केन्द्रों का सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में उन्नयन तथा पात्र महतारी लाभार्थियों को उनकी बेटियों के लिए सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित कर उनके बेहतर भविष्य के लिए बचत को प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा सखी वन स्टॉप सेंटर के भवन निर्माण की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए। जिले के अन्य विभागों द्वारा विद्युत विभाग से संबंधित कार्य के लिए डीडी का भुगतान करने के उपरांत भी विद्युत विभाग द्वारा पूर्ण नहीं किए गए कार्यों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं इन कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किए जाने कहा। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल प्रमाणीकरण की स्थिति, अपूर्ण टंकियों का निर्माण एवं एफएचटीसी कार्यों में अद्यतन प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सभी कार्यालयों में हर महीने के तीसरे शनिवार को साफ-सफाई कर अपशिष्ट पदार्थों को डिसपोजल किए जाने कहा गया।

साथ ही स्वच्छता में अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित भी किए जाने के निर्देश दिए गए। केसीईओ जिला पंचायत ने बस्तर के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने, उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को पहचानकर खिलाड़ी के रूप में तैयार करने हेतु जिले में बस्तर ओलंपिक 2024 के सुचारू आयोजन किए जाने कहा और इस दिशा में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। किशोरी बालिकाओं के लिए योजना के समुचित क्रियान्वयन एवं पोषण ट्रैकर एप्प में नियमित डाटा एंट्री करने, एनएमडीसी सीएसआर निधि अंतर्गत सैवीकृत कार्यों का उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए ।

एनएमडीसी के स्थापना दिवस पर दीर्घ सेवा पुरस्कार का वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बचेली,13 नवंबर। देश की प्रमुख लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी के 67वें स्थापना दिवस के अवसर पर एनएमडीसी बचेली में मंगलवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर निगम में दीर्घ काल सेवा अवधि पूर्ण करने वाले कार्मिकों को दीर्घ सेवा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। एनएमडीसी बचेली परियोजना प्रमुख बी वेंकटेश्वरलु अधिशासी निदेशक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम में एनएमडीसी बचेली वर्क्सद्ध परियोजना प्रमुख श्री रवीन्द्र नारायण, मुख्य महाप्रबंधक, परियोजना के विभिन्न विभागाध्यक्षए श्रमिक संघों के पदाधिकारीगण विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। स्थापना दिवस कार्यक्रम में परियोजना स्थित विभिन्न विद्यालयों यथा शिखर बाल विद्या मंदिरए डीएवी स्कूलए केंद्रीय विद्यालय एवं प्रकाश विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। एनएमडीसी की सेवा में 20 वर्षए 25 वर्षए 30 वर्ष तथा 35 वर्ष की दीर्घ अवधि पूर्ण करने वाले सभी कार्मिकों को मुख्य अतिथि श्री बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक महोदय के करकमलों द्वारा दीर्घ सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक ने अपने संबोधन में सभी गणमान्य उपस्थितियों के प्रति एनएमडीसी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए निगम की सेवा में दीर्घ अवधि पूर्ण करने वाले सभी कार्मिकों के योगदान को रेखांकित किया एवं दीर्घ सेवा पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में श्री सौरभ कुमार, उप महाप्रबंधक कार्मिकद्ध ने मुख्य अतिथि एवं अन्य सभी गणमान्य उपस्थितियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

विकास कार्यों के लिए जारी अध्यक्ष निधि में भ्रष्टाचार

■ 100 रू. का सामान 500 रू. में खरीदकर शासन को लगाया लाखों का चूना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

चारामा,13 नवंबर। शासन की योजनाओं से मिलने वाले पैसों का कैसे दुरूपयोग किया जाता है इसका ताजा उदाहरण नगर पंचायत चारामा में देखने को मिल रहा है जहां पर अध्यक्ष निधि मद से नगर के विभिन्न वार्डों में आम नागरिकों के बैठने की सुविधा के नाम पर शासकीय राशि का कैसे बंदरबांट किया गया है और जनहित के कार्यो के लिए शासन की योजनाओं के तहत मिलने वाले पैसों का कैसे दुरूपयोग किया जा रहा है।

नगर पंचायत से सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में नगर के विभिन्न वार्डों में वार्डवासियों तथा अन्य राहगीरों की सुविधा हेतु नगर के विभिन्न गली मोहल्लों में गार्डन चेयर स्थापित किये जाने जैसे जनहित के उद्देश्य की आड़ में शासन द्वारा उपलब्ध कराये गये अध्यक्ष निधि मद से लगभग तीन लाख रू. की लागत से कुल 17 लोहे की कुर्सियां खरीद कर लगाये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। लोहे की कुर्सियों की खरीदी भावपत्र के माध्यम से किया गया है। जिसमें 15 नग कुर्सियों को 15,000 रू. प्रति कुर्सी की दर से कूल दो लाख पच्चीस हजार की कीमत से, एवं 2 नग कुर्सियों को 15,500 रू. प्रति कुर्सी की दर से कुल इकतीस हजार की कीमत से खरीदा गया है। इन कुर्सियों में प्रत्येक कुर्सी का वजन लगभग 25 से 30 किलोग्राम के आसपास का होगा और बाजार में ऐसी कुर्सिया बनाने का मुल्य लगभग 90 से 100 रू. प्रति किलोग्राम है। जिसके आधार पर प्रति कुर्सी की कीमत 2,500 रू. से 3,000 रू. के आसपास होना चाहिए जिसे नगर पंचायत द्वारा शासन के पैसे का दुरूपयोग करते हुए 15,000 रू. प्रति कुर्सी की दर से खरीदते हुए प्रत्येक कुर्सी पर लगभग 12,000 रू. का शासन को चुना लगाते हुए जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की सरकार जहां एक ओर जीरों टारलेंस की नीति अपनाते हुए भ्रष्टाचार को खत्म करने की बात कहती है वही उसी पार्टी से संबद्ध नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अधिकारी कर्मचारियों से मिलीभगत कर अध्यक्ष निधि के पैसों का बंदरबांट करते हुए अपनी जेब भरने और पार्टी की छवि को धुमिल करने का प्रयास किया जाना प्रतीत होता है। आगामी नगर पंचायत के चुनाव में कांग्रेस पार्टी के द्वारा इस विषय को लेकर मुद्दा बनाया जा सकता है जिससे भारतीय जनता पार्टी को नुकसान होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

पार्षद जितेंद्र हेमला ने सरस्वती शिशु मंदिर में खेल सामग्रियां की भेंट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 13 नवंबर। मंगलवार को नगर पालिका परिषद बीजापुर के पार्षद जितेंद्र हेमला बीजापुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर पहुँचे और विद्यालय के लिए फुटबॉल, वालीवाल, क्रिकेट किट, गोला , भाला, तावा, रस्सी कूद, बैडमिंटन किट और लूडो आदि खेल सामग्री प्रदान की । जितेन्द्र हेमला ने कहा की सरस्वती शिशु मंदिर ऐसा केंद्र है जहां पर छात्रों की पढ़ाई उच्च प्रशिक्षित शिक्षक के द्वारा कराई जाती है, सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ाई कर रहे छात्रों का संपूर्ण बौद्धिक, शारीरिक और मानसिक शिक्षा के साथ ही सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्र निर्माणबकी शिक्षा दी जाती है। पार्षद जितेन्द्र हेमला ने कहा कि वे स्वयं भी कक्षा पांचवी से कक्षा आठवीं तक की अपनी शुरुआती शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर से ही ग्रहण किया है जहाँ से मिले संस्कारों के कारण ही वे आज सेवा भावी होकर सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर अपने बड़े आचार्य श्री रामसिंह बघेल जी एवं जयमाला दहिया दीदी जी से मिले स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन को याद किया। जितेंद्र हेमला ने यह भी कहा कि आगामी दिनों में खेल सामग्री नगर के सभी स्कूलों में वितरित किए जाने की योजना है।

इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य –श्री संतोष गोरला जी एवं शिक्षिका के साथ बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र छात्राऐं मौजूद रहे।

उल्लास के साथ मनाई गई देवउठनी एकादशी

दंतेवाड़ा, 13 नवंबर। देवउठनी ग्यारस एवं देवोत्थान एकादशी पर्व मंगलवार को नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाम को लोग अपने अपने घरों के आंगन में स्थापित तुलसी चौरों में गन्ने का मंडप सजाकर विधि विधान से माता तुलसी व भगवान शालिग्राम का विवाह सम्पन्न किया । सभी ने फटाखे फोड़कर पर्व को उत्साह व उल्लास के साथ मनाया। दीपावली लक्ष्मी पूजन के ठीक ग्यारहवें दिन मनाया जाने वाला पर्व देव उठनी एकादशी तुलसी विवाह अंचल में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इसे देव दीपावली अथवा छोटी दीवाली भी कहा जाता है। मान्यता अनुसार एकादशी को भगवान विष्णु स्वरूप शालिग्राम व माता तुलसी का विवाह जंगल में हुआ था। तुलसी चौरे पर गन्ने का मंडप सजाकर तुलसी विवाह की रस्म निभाई जाती है। चार माह की क्षीर निद्रा से सोकर आज ही के दिन समस्त देवगण जागते हैं इसलिए इस पर्व को देवोत्थान एकादशी भी कहा जाता है।

■ तुलसी चौरों को गन्ने से सजाया गया

■ माता तुलसी एवं भगवान शालिग्राम का हुआ विवाह

■ दिवाली सा दिखा माहौल, जमकर फूटे पटाखे, दीयों से रोशन हुए घर-आंगन

इस दिन लोग दीवाली की तरह अपने घरों को सजाते संवारते हैं। दियों से फिर एक बार घर आंगन जगमग हो उठे। पर्व के मद्देनजर बाजारों में दीवाली जैसी चहल पहल देखी गई। लोगों ने जमकर गन्ने एवं पूजा सामाग्री खरीदा। देवउठनी पर गन्ना बाजारों में 50 रूपए से लेकर 100 रूपए नग तक बेचा गया। एकादशी के पावन मौके पर सभी भक्तों ने सायं को घर के आंगन में बने तुलसी चौरों को साफ पानी से धोया। चौरों के चारों ओर गोबर से लिपाई कर सुंदर आकर्षक रंगोली बनाई गई। तुलसी चौरों के चारों ओर शाम को चार गन्नों को रखकर मंडप को लाल चुनरी से सजाया गया। घी के दिए जलाकर तुलसी माता को सुहाग सामग्री चूड़ी, बिन्दी तथा आलता चढ़ाकर शकरकंद, गन्ना, पत्तेदार अदरख, बेर, केला, बेल पत्ता, गेंदे का फूल, नया धान, चना भाजी, संतरा, सेब, केला, सीताफल, आंवला आदि अर्पित कर विधि विधान से माता तुलसी की व भगवान शालिग्राम की पूजा आरती कर सुख समृद्धि, आरोग्य एवं संपन्नता की कामना की गई। बता दें कि तुलसी विवाह आयोजन पश्चात विवाह समेत सभी मांगलिक पवित्र कार्य आरंभ हो जाते हैं। पूर्व में यह पर्व केवल उत्तर भारतीयों द्वारा मनाया जाता था किन्तु बदलते समय के साथ जैसे जैसे लोग इस पर्व की महत्ता को समझते गए तब से हर प्रदेश में और अब तो पूरे देश में देवउठनी एकादशी पर्व को दीवाली की तरह पूरे उमंग व उत्साह के साथ मनाया जाने लगा है।

एक नजर

कोरसागुड़ा की अंकिता ताती ने बस्तर ओलंपिक के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

बीजापुर 13 नवम्बर। बीजापुर जिले में बस्तर ओलंपिक का आगाज हो चुका है। बस्तर ओलंपिक को लेकर खिलाडियों में गजब का उत्साह और उनके हौसले बुलंद नजर आ रहे है। ब्लॉक स्तरीय आयोजन 11 से 14 नंवबर तक भोपालपटनम और उसूर ब्लॉक में चल रहा है। उसूर के आवापल्ली में आयोजित बस्तर ओलंपिक के आयोजन एवं प्रबंधन को लेकर खिलाड़ी उत्साहित नजर आ रहे है। उसूर ब्लॉक के कोरसागुड़ा निवासी खिलाड़ी अंकिता ताती ने बताया कि उसूर ब्लॉक जिले के अतिसंवेदनशील ब्लॉक में शामिल है। बस्तर ओलंपिक के आयोजन को लेकर अंदरूनी क्षेत्रों के खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। बीजापुर खेल के क्षेत्र में काफी मुकाम हासिल कर चुका है। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतिभा बीजापुर में है। ग्रामीण क्षेत्रों के छुपे हुए खिलाड़ियों की प्रतिभा बस्तर ओलंपिक के माध्यम से निखकर बाहर आ रही है। अंकिता बताती है कि कोरसागुड़ा में पहले सड़क, बिजली, पानी की समस्याएं थी जो अब विकास की रफ्तार पकड़ ली है। वर्तमान में कोरसागुड़ा में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी प्रकार की बुनियादि सुविधाएं उपलब्ध है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सोच और पहल से बीजापुर के अंदरुनी क्षेत्रों में विकास की बयार बह रही है। बीजापुर वासी होने के नाते मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देती हूँ। जिनके प्रयासों से बीजापुर प्रगति के पथ पर निरंतर गतिशील हो रहा है।

हर-सर पानी, मेरे गांव बारेगुड़ा की कहानी

बीजापुर, 13 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर दूर पर ग्राम बारेगुडा स्थित है, बारेगुडा से विकासखंड भोपालपटनम की दूरी 15 किमी. पर है, ग्राम में कुल 212 परिवार निवासरत् है। यहाँ के ग्रामीणों को 21 हैण्डपंपो के माध्यम से पीने के लिए पानी की सुविधा प्राप्त होती रही है। ग्राम से लगे लगभग 1 किमी. दूरी इन्द्रावती नदी स्थित है, इसलिए यहाँ का जल स्त्रोत अच्छा है ग्राम से मुख्य रुप से लोहार, मरार, कापेवार समुदाय के लोग बसे हुए है। जल जीवन मिशन योजना की उपलब्धि- जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम में निवासरत् 212 परिवार के 726 लोगों को 4 जी.आई. स्टील स्ट्रक्चर के माध्यम से घर पर ही शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है, ग्राम बारेगुडा को ग्रामसभा के माध्यम से 22 अक्टूबर 2024 को सरंपच श्रीमती यालम अनिता एवं सचिव श्री चंदा राम वडडे तथा ग्रामवासियों तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखंड भोपालपटनम के उप अभियंता श्री डी.आर.बंजारे के साथ विभागीय कर्मचारी द्वारा हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया। सचिव श्री चंदा राम वडडे ग्रामसभा के माध्यम से हर-घर जल की घोषणा किया गया, भविष्य में इस योजना को संचालन संधारण हेतु ग्राम पंचायत बारेगुडा को हस्तांरण किया गया। ग्रामवासी अंकिता कोत्तावल्ला बताती है कि सरकार की जल जीवन मिशन योजना का लाभ हमको मिल रहा है, हम पहले हैंडपंप से पानी लाते थे आज हमको घर पर ही शुद्ध पेयजल मिल रहा है, जिसके लिए हम सब ग्रामवासी शासन के प्रति आभार व्यक्त करते है।

खेल भावना से बेहतर वातावरण बनायें : कमलेश कारम

बीजापुर, 13 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। उसूर ब्लॉक के मुख्यालय आवापल्ली में सोमवार को बस्तर ओलंपिक का चार दिवसीय खेल शुभारंभ हुआ। इस खेल का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम ने छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। बस्तर ओलंपिक में उसूर ब्लाक के अंदरूनी गांव के ग्रामीण व युवा भारी उत्साह से भाग ले रहे हैं। सामूहिक खेलों के साथ साथ एकल प्रतियोगिताओ का भी आयोजन हो रहा है। उपाध्यक्ष कमलेश ने बताया कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को प्रोत्साहित करने का मौका है। उसूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद लोगों में खेल के प्रति भारी उत्साह है। शुभारंभ मौके पर जिला उपाध्यक्ष कमलेश कारम ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना खेलने तथा भाईचारा बनाये रखने की अपील की। सभी खिलाड़ियों को जो विभिन्न खेलों में भाग लेने आये है अच्छे प्रदर्शन की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शुभारंभ के पूर्व अतिथि गणों का पुष्प गुच्छ व मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान क्षेत्र के जनपद अध्यक्ष अनिता तेलम, जिला पंचायत सदस्य जानकी कोरसा, जनपद सदस्य अनिल बुरका व अन्य जनप्रतिनिधि, सरपंच सहित सीईओ प्रभाकर चंद्राकर, बीईओ, बीआरसी, अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागि उपस्थित रहे।

14 नवम्बर से धान खरीदी के लिए जिले में तैयारी जोरों पर

सुकमा, 13 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में धान खरीदी कार्य की तैयारी जोरों पर है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर 2024 से धान खरीदी कार्य प्रारंभ हो जाएगा। कृषक ऊर्जित योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो जायेगा।

गुरूनानक जयंती पर निकाली जा रही प्रभातफेरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 13 नवंबर। गुरूनानक जयंती से पूर्व गुरूद्वारा साहेब को बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया है। दिन शुक्रवार को सिक्खो के प्रथम धर्म गुरू गुरूनानक देव की जयंती मनायी जायेगी,इससे पहले गुरूद्वारा साहेब मे विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेलकूद की प्रतियोगितायें शुरू हो चुकी है,सुबह प्रभातफेरी का आयोजन किया जा रहा है,शहर के प्रमुख तीनो मार्गो मे प्रभातफेरी निकालकर गुरू के शबद कीर्तन किये जा रहे है। सिक्ख युवको द्वारा गुरूद्वारा साहेब मे एक से बढकर एक खेलकूद की प्रतियोगितायें आयोजित करायी जा रही है। क्रीडा प्रभारी सरनजीत सिंह भाटिया,मनजोत सिंह भाटिया ने बताया कि गुरूनानक जयंती से पूर्व लगभग एक सप्ताह गुरूद्वारा साहेब मे हर वर्ग के लिए प्रतियोगिता आयोजित करायी जा रही है। उन्होने बताया कि तीन से पांच वर्ष के बच्चो के लिए पाउडर रेस के अलावा,बिस्किट रेस की प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी। छः से दस वर्ष की आयु के बच्चो के लिए गणित संबंधित प्रतियोगिता के अलावा बॉल रेस का भी आयोजन हुआ। दस से सोलह वर्ष की आयु के बच्चो के लिए एकाग्रता दौड,टॉरगेट गेम,म्युजिकल गेम,बैडमिंटन एवं स्पून दौड का आयोजन कराया गया। उसके अलावा सत्रह वर्ष से उपर एवं चालीस वर्ष तक की आयु के महिला पुरूषो के लिए बैडमिंटन,टॉरगेट दौड,म्युजिकल दौड एवं स्पून रेस का आयोजन किया गया,जिसमे सिक्ख समाज के सभी वर्ग से बच्चे एवं युवक-युवतीयों ने भाग लेकर जयंती के आयोजनो को सफल बनाया। दरअसल सिक्ख समाज अपने प्रथम गुरू गुरूनानक देव जी का जन्म शताब्दी वर्ष हर साल बडे ही हर्षोउल्लास के साथ मनाते आ रहे है,इस मर्तबा भी गुरूद्वारा साहेब को दुल्हन की तरह सजाकर यहा धार्मिक आयोजन हो रहे है। सुबह के वक्त प्रभातफेरी के साथ शबद कीर्तन दोहराया जा रहा है।।

आई.पी.एल की तर्ज पर हो रहे मैच- सिक्ख समाज के युवाओ ने गुरूनानक जयंती के आगाज को लेकर आई.पी.एल की तर्ज पर क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करायी जा रही है। देर शाम होने वाली फ्लड लाईट क्रिकेट प्रतियोगिता को देखने के लिए सिक्ख समाज के अलावा दूसरे धर्म के लोग भी गुरूद्वारा साहेब मे अपनी हाजरी लगा रहे है। दिन सोमवार की देर शाम निहाल,सिद्धु,मन्नु,निक्कु, अंकित,जयदीप,हरमन,सन्नी भाटिया की टीम ने आकर्षक पारी खेलकर दर्शको का काफी मनोरंजन किया। क्रीडा प्रभारी मनजोत सिंह भाटिया ने बताया कि सभी मैच आई.पी.एल की तर्ज पर कराये जा रहे है,जिसमे मैच से पूर्व खिलाडीयों को उनकी योग्यता के अनुसार चयनीत किया गया था।।

अनेकता में एकता की मिसाल लंगर-गुरूनानक जयंती की पूर्व संध्या पर गुरूद्वारा साहेब मे आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमो के बीच गुरूसिंग सभा द्वारा लंगर का भी आयोजन किया जा रहा है। गुरूसिंग सभा के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह भाटिया,सचिव परमजीत सिंह भाटिया, उपाध्यक्ष मनजीत भाटिया,कोषाध्यक्ष सिंदर सिंह भाटिया, अमरजीत सिंह भाटिया,गुरूशरण सिंह भाटिया,गोल्डी भाटिया,बब्बू मेहरा,विक्की भाटिया ने बताया कि गुरूसिंग सभा द्वारा आयोजित लंगर अनेकता मे एकता की मिसाल है। यहा सिक्ख समाज ही नही वरन् अनेक समाज के लोग एक छत के नीचे बैठकर एक रसोई मे बना गुरू का प्रसाद बडे ही आदर से ग्रहण करते है।।

14 नवम्बर से 31 जनवरी तक होगी धान खरीदी

बीजापुर 13 नवम्बर । खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के धान खरीदी की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। शासन द्वारा निर्धारित खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तिथि 14 नवम्बर से 31 जनवरी तक निर्धारित की गई है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों के मानिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा किसानों के लिए पेयजल, शौचालय एवं छांव की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाएगी। धान उपार्जन केन्द्रों में कांटाबांट, नापतौल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, स्वास्थ्य किट, बायोमैट्रिक डिवाइस सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त मात्रा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। धान खरीदी केन्द्रों पर सतत निगरानी रखने, आर्द्रतामापी यंत्र से धान की नमी मापने के निर्देश दिया गया है। बीजापुर जिला अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित होने के कारण अवैध धान के आवक को रोकने के लिए तिमेड़, तारलागुड़ा एवं पामेड़ चेकपोस्ट पर सघन निगरानी रखने के निर्देश दिए है। किसी भी प्रकार के अवैध जिले के सीमा में प्रवेश न हो इसका कडाई से पालन कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। वहीं किसानों को आफलाईन एवं टोकन तुहर दुआर मोबाईल एप से टोकन लेने को कहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले में कुल 20619 किसान पंजीकृत है। जिसमें नवीन पंजीकृत 1250 किसान है। जिनका धान का रकबा 2782 हेक्टेयर है। वहीं धान का कुल रकबा 48420 हेक्टेयर है इस वर्ष अनुमानित धान उपार्जन 112096.00 मे. टन है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर द्वारा धान विक्रय करने वाले कृषको को शीघ्र भुगतान किये जाने हेतु आवश्यक तैयारी कर ली गई है।

जन्म के एक सप्ताह के भीतर जारी हुआ जन्म प्रमाण पत्र

बीजापुर 13 नवम्बर । जिला प्रशासन के अभिनव पहल पर नवजात शिशु को जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार पंजीयन एवं राशनकार्ड में नाम प्रविष्टि की मुहिम चलाई गई है। जिससे बच्चों के माता-पिता खुशी जाहिर कर रहे है।बीजापुर तहसील के तोयनार बडेपारा निवासी दंपति राहुल कुडियम एवं लक्ष्मी कुडियम अपनी खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि उनके बच्चे रुद्र का जन्म के एक सप्ताह के भीतर बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनकर तैयार हो गया। वहीं जाति प्रमाण पत्र भी बनने की जानकारी मिलकर बहुत खुशी हुई। राहूल ने बताया कि इन आवश्यक दस्तावेजों को बनाने में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है बार-बार आफिस का चक्कर काटना, अपना काम धंधा छोड़कर कई बार आफिस जाना दस्तावेजों की कमी होने के कारण कई बार प्रमाण पत्र अधूरा ही रह जाता है। जिला प्रशासन बीजापुर के इस अभिनव पहल से बच्चे के माता-पिता राहुल और लक्ष्मी बहुत खुश है। हमारी बहुत बड़ी समस्या इतनी आसानी से हल हो जाएगी हमे पता नही था नही तो अभी तक कोई भी दस्तावेज हम नहीं बना पाते। अभी धान कटाई में व्यस्त है। प्रमाण पत्र बनाने के बारे में अभी हम लोग सोच भी नही पाते छत्तीसढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के पहल से यह संभव हो सका। जिसके हम पति-पत्नि मुख्यमंत्री जी का सदैव आभारी रहेंगे और जिला प्रशासन का भी धन्यवाद ज्ञापित करते है।

सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में देवउठनी एकादशी पर पूजा

सुकमा, 13 नवंबर। सरस्वती शिशु मंदिर में देवउठनी एकादशी पर तुलसी पूजा का आयोजन किया गया था जिसमें स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुई प्राचार्य ने देवउठनी एकादशी की शुभकामनाएं देते हुए देवउठनी एकादशी के महत्व के बारे में छात्रों बताते हुए कहा कि देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी और तुलसी की विशेष पूजा का महत्व है। इस दिन तुलसी विवाह का आयोजन किया जाता है जिसमें तुलसी का विवाह भगवान शालिग्राम से विधिपूर्वक किया जाता है। यह विवाह का प्रतीक है जो मांगलिक कार्यों के शुभारंभ का प्रतीक भी माना जाता है।।

सुरेश चंद्राकर को मिली बड़ी जिम्मेदारी, बनाये गये महाराष्ट्र के नवापुर विधानसभा के आब्जर्वर

बीजापुर,13 नवंबर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश चंद्राकर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी एआईसीसी ने सौपी है। अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, एस सी,एस टी आदिवासी कांग्रेस के चेयरमैन के राजू,एस सी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया,छत्तीसगढ़ एस सी कांग्रेस प्रभारी पवन राजे,पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज,एस सी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार अंचल की अनुशंसा पर एआईसीसी के द्वारा बीजापुर निवासी एससी कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश चंद्राकर को उनकी कुशल कार्यशैली को देखते हुए महाराष्ट्र के नवापुर विधानसभा जो नंदुरबार जिले की प्रमुख सीट है, यहां से वर्तमान में कांग्रेस पार्टी से कृष्णकुमार सुरूप सिंह नायक विधायक हैं। जिन्हें कांग्रेस पार्टी ने पुनः मैदान में उतारा है। जिनके चुनाव आब्जर्वर की मुख्य जिम्मेदारी सुरेश चंद्राकर को सौपी गई है।

इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए सुरेश चंद्राकर ने गांधी परिवार एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है और जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करने व कांग्रेस प्रत्याशी को पुनः जीत दिलाने की बात कही है। वहीं चंद्राकर को मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से बीजापुर जिले के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। बता दें कि इससे पहले छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में भी सुरेश चंद्राकर ने अपनी राजनीतिक कुशलता का परिचय देकर कांग्रेस प्रत्याशी की जीत में अहम योगदान दिया था।

बस्तर ओलंपिक पारंपरिक खेलों का अनोखा संगम, ग्रामीण उत्साह से सराबोर

सुकमा, 13 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जनजातीय संस्कृति को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस अनूठी पहल का उद्देश्य पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना, खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़कर उनके विकास का मार्ग प्रशस्त करना है। बस्तर ओलंपिक में 14 से 17 वर्ष और 17 से अधिक आयु वर्ग के युव वर्ग सहित ग्रामीण एवं महिलाएं शामिल हो रही है। इस आयोजन के अंतर्गत कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले के तीनों विकासखंड सुकमा, कोंटा, और छिंदगढ़ के मुख्यालयों में मंगलवार को विकासखण्ड सुकमा अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनाकुकानार, नीलावरम, मुरतोण्डा, रामपुरम, नागारास, जीरमपाल, विकासखण्ड छिंदगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत तोणपाल, मारेगा, टाहकवाडा, पेरमारास, हमीरगढ़. लेदा, जैमेर, सगुनघाट, कनकापाल, चिड़पाल, पालेम, कवराकोपा, कुमाकोलेंग, चिउरवाड़ा और विकासखण्ड कोंटा अंतर्गत ग्राम पंचायत जगरगुण्डा, कुन्देड़, सिलगेर, कोण्डासावली, तारलागुड़ा, गुमोड़ी, चिमलीपेन्टा, कामारास, गोटपल्ली के युव वर्ग सहित ग्रामीण एवं महिलाएँ बड़े उत्साह एवं उमंग से शामिल हो रही है।

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

सुकमा, 13 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक में जिले के विकास और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और अन्य कल्याणकारी योजनाओं में सुधार लाने के साथ-साथ नियमित मॉनिटरिंग और फील्ड निरीक्षण पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने बताया कि 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा और इस कार्यक्रम की व्यापक तैयारी करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, एसडीएम, तहसीलदार सहित विभाग प्रमुख उपस्थित थे। कलेक्टर श्री ध्रुव ने बैठक के दौरान कहा कि जिले की आम जनता को संवेदनशील ता के साथ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए।इस दिशा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार सहित बेहतर सेवाएं देने प्रयास करें। एनीमिया से पीड़ित महिलाओं का नियमित इलाज सुनिश्चित किया जाए।

नौनिहालों का भविष्य संवारने आँगनबाड़ी केन्द्रों की दशा सुधारे सरकार: बसंत ताटी

भोपालपटनम, 13 नवंबर। जिन आँगनबाड़ी केन्द्रों पर नौनिहालों का भविष्य रोपने और उसे सींचकर स्वस्थ पौधा बनाने की जिम्मेदारी है,वे स्वयं ही अपनी दुर्दशा पर आँसू बहा रहे हैं।ऐसे में उनसे क्या उम्मीद की जा सकती है?÷ यह कहना है,ज़िला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी का।बीजापुर ज़िले के आँगनबाड़ी केन्द्रों की अव्यवस्थाओं के बारे में मीडिया में लगातार आ रही ख़बरों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए ताटी ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले भर में संचालित आँगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति शहर से लेकर गाँव तक लगभग एक जैसी है।ये ख़बरें हमें सोचने पर बाध्य करती हैं कि जीवन के पहले ही पायदान पर उपेक्षा के शिकार नौनिहाल लड़खड़ाते कदमों से अपना और देश का सुनहरा भविष्य कैसे गढ़ेंगे?ताटी ने आँगनबाड़ी केन्द्रों की दयनीय स्थिति पर रोशनी डालते हुए बताया कि कहीं भवन अत्यंत जर्जर हैं तो कहीं भवनों का अभाव बना हुआ है।जहाँ भवन बने हैं, उनमें पर्याप्त सुविधाओं की कमी है।आँगनबाड़ी केन्द्रों के हालत इस कदर ख़राब है कि कही बिजली है तो पंखा नहीं है और कहीं पंखा है तो बिजली नहीं है।और तो और अधिकांश आँगनबाड़ी केंद्रों में पानी न होने के बावजूद शोपीस की तरह नल की टोंटियाँ लगी हुई हैं।बच्चों को खेलने के लिये झूले और फिसलपट्टी तो दूर की बात,इन केन्द्रों में उनको खिलौने भी नसीब नहीं हैं। ज़िला पंचायत सदस्य ने इस जनजाति बाहुल्य ज़िले में माताओं और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य और देखभाल से जुड़े इन महत्वपूर्ण केन्द्रों की दुर्व्यवस्था पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि छोटे-छोटे बच्चों को मनोरंजन के साधनों की उपलब्धता को नज़रअंदाज़ भी कर दिया जाये ।

बस्तर ओलम्पिक में युवाओं के साथ महिलाएं भी दिखा रही दमखम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 13 नवंबर । बस्तर के युवाओं को खेलों के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर बस्तर के युवाओं को मुख्यधारा में जोड़ने सहित उनकी खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। इस अनूठी पहल का उद्देश्य पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना, खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़कर उनके विकास का मार्ग प्रशस्त करना है। इसकी शुरूआत सुकमा जिले के विकासखण्ड छिंदगढ़, सुकमा और कोंटा में हो चुकी है। गांव-गांव से सीधे विकाखण्ड स्तर पर खेलने आये लोगों में उल्लास और जोश का संचार कर रहा है, जिसमें बच्चे, बड़े, महिलाएं और बुजुर्ग सभी बड़े उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं। बस्तर ओलंपिक में कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद, रस्साकसी, खो-खो, फुटबाल, वॉलीबाल और तीरंदाजी जैसे खेल शामिल किए गए हैं। इन खेलों का आयोजन न केवल बच्चों और युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है बल्कि महिलाओं और बुजुर्गों में भी जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। बस्तर ओलंपिक के रूप में ये खेल संस्कृति और एकता के प्रतीक बन गए हैं, जो बस्तर क्षेत्र में विशेष महत्व रखते हैं।श्रीमती लक्ष्मी नाग की तीरंदाजी में भागीदारी पुरानी यादें हुई ताजा-छिंदगढ़ विकासखण्ड के ग्राम मारेगा की निवासी श्रीमती लक्ष्मी नाग ने तीरंदाजी स्पर्धा में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा इस आयोजन ने हमारे बचपन की पुरानी यादें ताजा कर दी। तीरंदाजी हमारे गांव की परंपरा का हिस्सा रही है, जिसका उपयोग पहले शिकार के लिए किया जाता था। बचपन से ही मेरी इच्छा थी कि मैं भी तीरंदाजी में हिस्सा लूं। अब इस आयोजन ने मेरी इच्छा पूरी कर दी। लक्ष्मी नाग ने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री साय का आभार भी प्रकट किया।टीम की एकता और सहयोग ने दिलाई जीत, जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु हुआ चयन-इसी गांव की श्रीमती हिरमलता नाग ने बताया कि उन्होंने कबड्डी खेल में भाग लिया और सामूहिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। अब उनकी टीम जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में खेलने के लिए चयनित हुई है, जिसे लेकर वे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा हमारा प्रदर्शन हमारी एकता और सहयोग का परिणाम है। इस जीत ने हमें प्रोत्साहित किया है और हम अब जिला स्तर पर भी अच्छे प्रदर्शन का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा और उमंग का संचार-रस्साकसी में भी महिला वर्ग की टीम ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने अपने जोश और एकजुटता का परिचय देते हुए जीत दर्ज की। महिला टीम की सदस्य लक्ष्मी बघेल उम्र 40 ग्राम पंचायत मारेगा ने कहा कि हम इस आयोजन के लिए बहुत खुश हैं और जिला स्तर पर खेलने का मौका मिलने से गर्व महसूस कर रहे हैं।बस्तर ओलंपिक में युवा वर्ग का भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। युवाओं का कहना है कि ये खेल हमारी संस्कृति को संजोने और मजबूत करने का काम कर रहे हैं। इस आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को परंपरागत खेलों के प्रति आकर्षित किया जा रहा है, जो हमारी जड़ों को मजबूत बनाने में सहायक है।। बस्तर ओलंपिक के आयोजन ने पूरे जिले में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का जोश और उमंग देखकर स्पष्ट होता है कि खेल हमारे जीवन में सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा को संजोने का माध्यम भी हैं। बस्तर ओलंपिक ग्रामीणों को अपने पारंपरिक खेलों सहित मुख्यधारा से जोड़ रहा है। बस्तर ओलंपिक में मुख्य रूप से बस्तर संभाग के जनजातीय बहुल और माओवादी प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को शामिल किया गया है। इन क्षेत्रों में खेल प्रतिभाएं नैसर्गिक रूप से पाई जाती हैं। इस आयोजन के माध्यम से राज्य सरकार का प्रयास है कि इन युवाओं की रचनात्मक खेल प्रतिभा को निखारा जाए और उन्हें खिलाड़ी के रूप में तैयार कर एक पहचान दी जाए।

एक नजर

जिला के 23 स्कूलों में होगा प्रार्थना शेड का निर्माण

बलौदाबाजार 13 नवंबर। राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा के निर्देश पर बालौदाबाज़ार-भाटापारा जिले के विभिन्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 3 करोड़ 79 लाख 45 हज़ार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। जिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए राशि जारी की गई है उनमें ग्राम जरौद के लिए 12 लाख 75 हज़ार रुपए तथा शिकारी केसली, हथबन्द, लटुवा,नवापारा,मोहभट्ठा, भटभेरा, खपराडीह,पंडित चक्रपाणि बालौदाबाज़ार, रसेड़ा,चांपा,सलौनी, करमदा,मोहरा और सुहेला सभी स्कूलों के लिए अलग-अलग 18 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह झीपन के लिए 9 लाख 70 हज़ार रुपए तथा आमाकोनी, फरहदा,खिलोरा, बरडीह,गाँधीचौक बालौदाबाज़ार, सेम्हराडीह और खान सभी स्कूलों के लिए अलग-अलग 15 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई हैं।

धान खरीदी कार्य में लापरवाही की तो सख्त कार्रवाई: कलेक्टर

धमतरी, 13 नवम्बर। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में प्रदेश सहित ज़िले में आगामी 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। इसके मद्देनजर आज स्थानीय विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित नगरनिगम धमतरी के सामुदायिक भवन में धान खरीदी के सुचारू सम्पादन के लिए कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की अध्यक्षता में जिले के 100 धान उपार्जन केन्द्रों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रीति दुर्गम द्वारा पीपीटी के जरिए नोडल अधिकारियों को दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, सहकारिता विभाग, मंडी, नापतौल एवं खाद्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में धान की रिसायक्लिंग(पुनर्चक्रण) तथा अवैध धान खरीदी, बिक्री, परिवहन, भण्डारण पर सतत् निगरानी रखने के निर्देश कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने दिया। मंडी के अधिकारियों द्वारा छ.ग. मंडी अधिनियम 1972 के विभिन्न धाराओं को भी बताया गया। इसके साथ ही मंडी अधिनियम के तहत कोचियों/बिचौलियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का समतलीकरण, साफ सफाई, फेंसिंग, विद्युत व्यवस्था, कंप्यूटर सेट/प्रिंटर चालू हालत में हो, जनरेटर, यू.पी.एस./ इंटरनेट की व्यवस्था, सीसी टी.वी. कैमरा, आर्द्रतामापी यंत्र, नाप तौल के लिए पर्याप्त कांटा-बांट, बारदाना सुतली, हमाल की उपलब्धता, तारपोलिन, चबूतरा, ड्रेनेज, टोकन व्यवस्था सुनिश्चित कर लेने के निर्देश दिए। साथ ही हर उपार्जन केन्द्र में समर्थन मूल्य दर्शाते बैनर का प्रदर्शन करने कहा है। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों से धान की आवक, कोचिया एवं बिचौलियों द्वारा खरीदी केन्द्रों में किसान के बचत रकबे में खपाने का प्रयास, राईस मिलर द्वारा अन्य स्थानों से चावल लाकर जमा किया जाना एवं धान बिना उठाए समिति से उठाया दिखाया जाना और संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों द्वारा रिसाईक्लिंग पर विशेष निगाह रखने कहा गया। किसानों को भुगतान की व्यवस्था जिला सहकारी बैंक द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में अंतरण किया जाएगा। अन्य किसी के खाते में अंतरण नहीं किया जाएगा। संयुक्त खाते की स्थिति में परिवार के सदस्य के खाते में भुगतान होगा। कलेक्टर ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कैश मैनेजमेंट के संबंध में पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित् करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि टोकन व्यवस्था सात दिवस पूर्व जारी एवं टोकन में औसत उपज से ज्यादा का टोकन होने पर जांच उपरांत खरीदी की जाए। यह भी निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में जाकर व्यवस्थाओं का सत्यापन करें। इस दौरान खरीदी केन्द्र में धान खरीदी की लिमिट, पंजीकृत किसान, रकबा, छोटे, सीमांत और दीर्घ किसानों सहित अन्य जानकारियों का सत्यापन किया जाएगा। इसके साथ ही नोडल अधिकारी धान खरीदी केन्द्र में सुबह 7.30 बजे पहुंचना सुनिश्चित् करें। बता दें कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुबह 9 बजे से शुरू हो जाएगी। इसके अलावा नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे निगरानी समिति के सदस्यों के नियमित सम्पर्क में रहें और उनका मोबाईल नंबर भी अपास पास रखें। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोडेंगे, यह सुनिश्चित किया जाए, लापरवाही बरतने पर नोडल अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

पीएम श्री स्कूलों में जिला स्तरीय खोज प्रतियोगिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा 13 नवंबर। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशन पर जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत, जिला मिशन समन्वयक खेल सिंह नायक के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी योगेश कुमार पटेल, सहायक नोडल अधिकारी तेजेस कुमार शर्मा, ज्ञानेंद्र शर्मा के नेतृत्व में पीएम श्री स्कूलों के विविध थीम पर जिला स्तरीय खोज प्रतियोगिता 2024 आयोजित की गई। केंद्र शासन के महत्वाकांक्षी योजनातर्गत शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने हेतु जिले में आठ पीएम श्री स्कूल संचालित किया जा रहे हैं। जहां बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सतत रूप से विभिन्न गतिविधियां कराई जा रहे हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्या वैभव, मंथन मंडल, डिजिटल क्रेस्ट एवं डिस्कवर एंड लर्न लोकल साइट्स विधा पर बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। विद्या वैभव में कठिन प्रश्नों पर बच्चों ने रोचक जवाब दिया। मंथन मंडल विधा पर बच्चों की तर्कक्षमता ने सदन को सोचने पर मजबूर कर दिया। शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, बागवानी, स्वच्छता, वृद्ध जन की सेवा, पौधारोपण, समाज उत्थान में बच्चों की भागीदारी डिजिटल क्रेस्ट के माध्यम से देखने को मिला। डिस्कवर एंड लर्न लोकल साइट्स के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपरा, वेशभूषा, अनुशासन, भाव भंगिमा के अनूठे संगम के साथ लोकगीतों पर मनोहारी प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। डिस्कवर एंड लर्न लोकल साइट विधा में तानिया प्रथम, आरती कंवर द्वितीय, नेहा यादव तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिजिटल क्रेस्ट में उमेश कुमार नायक प्रथम, निहाल दीवान द्वितीय, कुमकुम सिन्हा तृतीय स्थान पर रहे। मंथन मंडल में जाह्नवी निषाद, फालेश्वर सोनकर की जोड़ी प्रथम, तुलसी सोनकर, अंजू सोनकर की जोड़ी द्वितीय, शुभम सतपति एवं संजय नागेश तृतीय स्थान अर्जित किया। विद्या वैभव में चिराग, अभिषेक पहले, रोशनी जाह्नवी दूसरे एवं वंदना, यथर्व तीसरे पायदान पर रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एपीसी भूपेंद्र सोनी, प्रोग्रामर नदीम अहमद, विक्रांत सोनी, एफएलएन पीएमयू चंद्रहास साहू उपस्थित रहे। श्रीमती अनीता मेढ़े, अर्जुन धनंजय सिन्हा, शंकर लाल पाल, प्रतिभा सकरिया, डेहर पटेल, नीता सर्वा, शिव कुमार साहू, व्यंकटेश साहू ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार,13 नवंबर। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष 14 नवंबर को आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सम्मान के लिए दिवस मनाया जाएं। राज्य में कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सम्मान के लिए कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। प्राप्त कैलेंडर अनुसार कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकस विभाग अंतर्गत विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अच्छे कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को उसके कार्यों व परिणामों को जनमानस के ध्यान में लाकर आंगनबाड़ी सेवाओं के प्रति सकरात्मक माहौल प्रदान करने हेतु ग्राम पंचायत स्तर,माननीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सम्मानित किया गया है। सम्मानित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की निम्नानुसार है एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन से पंचायत खैरा से श्रीमती सुत्रिता बंजारे ,सावित्री धृतलहरे, श्रीमती सरिता पैंकरा एवं सहायिका में रीमती रामेश्वरी शर्मा गिरजा साहू, दुलारी पैंकरा ग्राम पंचायत तुरमा से आं.बा. कार्यकर्ता में श्रीमती चमेली साहू, राजेश प्रजापति, श्रीमती शांति साहू, श्रीमती सावित्री साहू, श्रीमती लक्ष्मीन पटेल तथा आंगनबाड़ी सहायिका में सोनाबाई पैंकरा, नंदनी बंजारे, चित्ररेखा साहू, शांता बंजारे, संतोषी पटेल सम्मानित किए गए। एकीकृत बाल विकास परियोजना भाटापारा से कार्यकर्ता में ममता चंचल हथनीपारा, दुर्गा पाटकर दीनदयाल उपाध्याय, शिवकुमारी वर्मा, रेशम मिरी, आशा सिन्हा, संगीता वर्मा, माया सिंह, सहेद्रा गर्ग, शैल बंजारे, श्रीमती टिकेश्वरी ध्रुव दीपक आंगनबाड़ी सहायिका में कैलाश साहू, सीमा सोनवानी, मिथिला वर्मा, श्रीमती पुत्री चर्तुवेदी, गनेशी सोनवानी, भुनेश्वरी, संती ध्रुव, राही यादव, तिरिथ बाई साहू, चंपा वर्मा को सम्मानित किए। एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार श्रीमती रेवता, श्यामबती पुर्णिमा नीरूपमा, कला,जानकी नोनी लता टंडन, ललिता ड्रहरिया हेमिन गर्ग, लक्ष्मी बाई, शांति मांडले, बेला पाटले अनामिका धृतलहरे, निर्मा बाई सादव सुशीला भारद्वाज, मीना पैंकरा निरूपमा पैंकरा, मुध श्रेया , विर्मा वर्मा गंगेश्री । सहायिका में सहायिका में श्रीमती जना, कला आनंद मती रूखमणी, सावित्री डहरीया, श्यामकली धृतलहरे, अमरौतीन बाई डहरिया, उतरी कुर्रे, गंगा बाई, मनीशा बाई राजे इत्यादि सम्मानित किए गए है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री जाटवर ने बताया कि आज 12 नवंबर से 13 नवंबर के मध्य प्रत्येक बाल विकास परियोजना स्तर पर सभी पर्यवेक्षक क्षेत्र की एक-एक कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा एवं 14 नवंबर 2024 को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। राज्य स्तर पुरस्कार के लिए 09 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं 9 सहायिकाओं का नामांकन प्रेषित किया गया है विवरण निम्नानुसार है श्रीमती शशि, टंडन, दतान 6, श्रीमती रेवती वर्मा कुकुरदी 02, श्रीमती सुमन निराला, कुम्हारी 02, श्रीमती सुलोचना वर्मा, अकोली 02, श्रीमती श्वेता दुबे तुलसी क्र. 02, श्रीमती कौशिल्या साहू, मड़कड़ा 01, गायत्री साहू देवगांव तथा आंगनबाड़ी सहायिका में श्रीमती श्यामा मनहरे बलौदाबाजार केन्द्र 1 ब श्रीमती तेरस धीवर पलारी 3, श्रीमती धनेश्वरी साहू, मुण्डा 01, श्रीमती नर्मदा ध्रुव, परसाडीह, श्रीमती गंगा वर्मा बनसांकरा 02, श्रीमती भुनेश्वरी यादव भड़ोरा, श्रीमती सरिता श्रीवास नया खर्वे 02 का नामांकन प्रेषित किया गया है।इसी प्रकार प्रत्येक बाल विकास परियोजना स्तर पर 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों का विभिन्न विधाओं पर दिनभर एकटीविटी का आयोजन होगा। इसके साथ ही बच्चों के द्वारा इसका प्रदर्शन भी किया जा रहा है आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के द्वारा लगभग दो घंटे ईसीसीई एक्टीविटी का प्रदर्शन करना है उदाहरण स्वरूप बच्चों का नृत्य, बाल गीत, पेंटिंग, प्रहसन इत्यादि का बच्चों की रूचि व क्षमता के अनुसार प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है जिससे पालक अपने बच्चों की मानसिक,शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, सांनात्मक एवं भाषाई विकास का स्वयं आंकलन कर रहे है।

उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की तैयारियां पूर्ण

- 14 नवम्बर से 129 समितियों के अंतर्गत 166 उपार्जन केन्द्रों में शुरू होगी खरीदी
- जिले के 1 लाख 67 हजार से अधिक किसान बेचेंगे अपना धान
- पिछले साल की तुलना में 6970 अधिक किसानों ने करवाया अपना पंजीयन
- नोडल अधिकारियों को मिला अंतिम प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार,13 नवंबर। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियां जिले में पूर्ण कर ली गई है। खरीदी कार्य 14 नवम्बर 2024 से शुरू होकर 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। खरीदी केन्द्रों के नोडल अधिकारियों का अंतिम प्रशिक्षण आज यहां जिला पंचायत के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। उन्हें विस्तार से उनके दायित्व को बताया गया और कठोरता से इनका पालन करने के निर्देश दिए गये। इस दफा नोडल अधिकारियों को पूरे समय खरीदी केन्द्र पर बैठकर नजर रखना होगा। हर दिन खरीदी की शुरूआत उनकी मौजूदगी से होगी और समापन भी उनके द्वारा किया जायेगा। अपर कलेक्टर की उपस्थिति में खाद्य अधिकारी अमित शुक्ला ने धान खरीदी के संबंध में राज्य शासन के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। राजस्व् विभाग के पटवारी एवं कृषि विभाग के आरएईओ को इस बार नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिले में 166 धान खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं। इन केन्द्रों पर 1 लाख 67 हजार 787 किसान अपना धान बेच पाएंगे। जो गत वर्ष की 6970 किसान अधिक है। समर्थन मूल्य में धान बेचने को लेकर किसानों में उत्साह देखा जा रहा है। वे बेसब्री से खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। प्रशिक्षण में बेचने लाने वाले धान सहित अन्य नियम कायदों की जानकारी दी गई। बताया गया कि धान में 17 प्रतिशत से अधिक नमी नहीं रहनी चाहिए। इसके अलावा निम्न श्रेणी के धान का मिश्रण 6 प्रतिशत, डेमेज एवं डिस्कलर 5 प्रतिशत, अधपका एवं सिकुड़ा धान 3 प्रतिशत, बाह्य पदार्थ 1 प्रतिशत एवं कार्बनिक 1 प्रतिशत तक मान्य होगा। केवल पंजीकृत किसानों से उन्हें जारी टोकन के अनुसार धान खरीदा जायेगा। पुराने वर्षो से धान की खरीदी नहीं की जायेगी। सात दिवस पूर्व इस साल टोकन जारी किये जाएंगे। सीमांत एवं लघु किसानों को टोकन जारी करने में प्राथमिकता दी जायेगी। इलेक्ट्रानिक कांटा-बांट का धान तौल में उपयोग किया जायेगा। एक बोरे में 40 किलोग्राम धान की भरती किया जायेगा। उपार्जन केन्द्रों पर धान का भण्डारण एवं सुरक्षा अच्छी तरह किया जाए। बारदाने की व्यवस्था के अंतर्गत आधा-आधा पुराने और नये बारदानें उपयोग में लाये जाएंगे। धान की ढेरी स्टेक प्लान के बारे में भी बताया गया। सभी तहसीलदारों को अपने तहसील का नोडल अधिकारी बनाया गया है। वे हर दिन निरीक्षण कर कलेक्टर को रिपोर्ट करेंगे। गड़बड़ी करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

वनरक्षक राजवाड़े और वनपाल सिंह निलंबित

रायपुर, 13 नवंबर। कोरिया वनमण्डल बैकुन्तपुर अंतर्गत परिक्षेत्र सोनहत के रामगढ़ सर्किल के वनरक्षक श्री पिताम्बर लाल राजवाड़े और वनपाल श्री रामप्रताप सिंह को शासकीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासनीता के कारण सरगुजा वनवृत्त अम्बिकापुर के मुख्य वन संरक्षक श्री माथेश्वरन व्ही. ने निलंबित कर दिया है। मुख्य वन संरक्षक अम्बिकापुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वनरक्षक बीट प्रभारी गरनई श्री पिताम्बर लाल राजवाड़े और वनपाल वन परिक्षेत्र रामगढ़ श्री रमन प्रताप सिंह के द्वारा अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन में उदासीनता एवं घोर लापरवाही बरते जाने के कारण निलंबित किया गया है। वनपाल श्री सिंह और वनरक्षक राजवाड़े का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन/कदाचरण पाये जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुये मुख्यालय बैकुन्तपुर, वनमण्डल कोरिया निर्धारित किया गया है।

अंवरी में झेरिया यादव मंडल ने मनाया गोपाष्टमी पर्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा 13 नवंबर। छ.ग.झेरिया यादव मंडल अंवरी के तत्वाधान में ग्राम अंवरी में गोपाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया/ इस अवसर पर पूजा अर्चना कर कलश शोभायात्रा निकाले गए जिसमें महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रख कर राउत भाइयों द्वारा दोहा गाते हुए नाच गाना करते पूरे गाँव के गलियों को भ्रमण कर शोभायात्रा निकाला गया/ तत्पश्चात राउत नाचा सिंगदेही,महिला राउत नाचा साँगा की प्रस्तुति हुआ। तत्पश्चात भगवान श्री कृष्ण की महाआरती एवं अतिथि स्वागत उद्बोधन किया गया !

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रमेश यादव ने अपने उद्बोधन में गोपाष्टमी पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गाय को हिंदू धर्म में बेहद महत्वपूर्ण माना गया है और गाय को माता का दर्जा भी दिया गया है। गाय माता की सेवा करने से मात्र से ही हर मनोकामना पूरी होती है और मृत्यु के बाद गौलोक में स्थान भी मिलता है। साथ ही परिवार में सुख शांति बनी रहती है और जीवन में कोई संकट भी नहीं आता। मान्यता है कि गाय में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है और गाय को आध्यात्मिक और दिव्य गुणों का स्वामी भी माना जाता है। गोपाष्टमी गायों की पूजा को समर्पित और उनके प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रदर्शित करने का त्योहार है। कई कथाओं में वर्णन मिलता है कि किस तरह भगवान कृष्ण ने अपनी बाल अवस्था में गाय माता की सेवा की है। गीता में भगवान कृष्ण ने स्वयं कहा है कि 'गवां मध्ये वसाम्यहम्' अर्थात् मैं गायों के बीच में ही रहता हूं। जिन बहनों ने भाई दूज पर भाइयों को तिलक नहीं लगा पाई हैं, वो इस दिन उन्हें तिलक लगा सकती हैं। गोपाष्टमी पर्व पर लवकुश अखाड़ा ग्राम जमराव का अखाड़ा भी हुआ जिसमें युवाओं की टीम ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए/ कोई साइकल को दांतों से उठा कर घुमाता दिखा/ तो कोई पानी से भरे कुंडी को दांतों से उठा कर सीढ़ी पर चढ़ गया/ कोई कील के ऊपर सो कर अपने ऊपर अपने साथी को चढ़ा कर करतब दिखाता रहा/ अनोखे साहसिक करतब देख कर लोग हैरान होते रहे ? अखाड़ा समिति के भाइयो द्वारा अपने अखाड़े का करतब लोगों के सामने प्रस्तुत किया/ उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमेश यादव जिला अध्यक्ष झेरिया यादव समाज,कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन यादव,विशेष अतिथि अवध राम यादव,संतोष यादव,मनोज यादव,भूपेंद्र यादव, चंद्रेश बघेल,लेख राम साहू,नंद कुमार निर्मलकर,भगत यादव, सुनील गायकवाड़,मूलचंद यादव, भुजबल यादव,रामकुमार यादव, राजाराम यादव,सालिकराम यादव,पंचराम यादव,प्रेमलाल यादव,शेखर यादव,जगत राम यादव,चैनराम यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे! रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए सत्यम नाचा पार्टी तेंदुवा का कार्यक्रम हुआ जिसका ग्रामीणों ने लुफ्त उठाया!

समाचार संक्षेप

आपसी रंजिश पर मारपीट 4 आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार 13 नवंबर। प्रार्थी कन्हैयालाल पैकरा निवासी नायकटांड लटुवा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 01.11.2024 को शाम करीबन करीबन 7:30 बजे मैं अपने घर में था, इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी विजय शंकर, वीरेंद्र पैकरा, नरेंद्र पैकरा एवं जगमोहन सभी एक राय होकर मेरे घर में जबरदस्ती घुसकर आ गए एवं मुझे अशलील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किए है तथा एक आरोपी द्वारा अपने हाथ में पहने चुडा से मेरे दाहिने कान के पास एवं गाल में मारपीट किया है, जिससे मुझे गंभीर चोट आया है। कि रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 782/2024 धारा 296,115(2), 351(2), 333,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच विवेचना कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर पुरानी रंजिश पर से प्रार्थी के घर अंदर जबरदस्ती घुसकर, उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर उसे गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया है। कि प्रकरण में आज दिनांक 12.11.2024 को सभी चार आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

जुआ खेलने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार 13 नवंबर। ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सुहेला पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असमाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा जैसे अवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 11.11.2024 को थाना सुहेला की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर ग्राम खपराडीह में रात्रि के समय जुआ खेलते हुए 06 आरोपी जुआरिओं को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 52 पत्ती ताश, नगदी 78380 जप्त किया गया। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना सुहेला में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 03(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

जनजाति गौरव दिवस का आयोजन 15 नवंबर को

मोहला 13 नवंबर । भारत सरकार जनजाति कार्य मंत्रालय के निर्देशन में जिला मुख्यालय पर 15 नवंबर को एक दिवसीय जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में जिला स्तर पर जनजाति गौरव दिवस का आयोजन स्थानीय दशहरा मैदान मोहला में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं, सेवाओं, कार्यक्रमों को प्रदर्शित करते स्टॉल लगाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं सेवाओं और कार्यक्रमों से आदिवासी समाज के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

गुरुनानक जयंती पर विशाल नगर कीर्तन

राजनांदगांव 13 नवंबर। सिख धर्म के संस्थापक प्रथम गुरु तथा मानवीय एकता के महान संदेश वाहक श्री गुरुनानक देवजी का 555 वां आगमन पर्व सम्पूर्ण सिख जगत द्वारा शुक्रवार 15 नवंबर को अपार खुशी हर्षोल्लास एवम् सत्कार के साथ प्रकाश उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है ! राजनादगांव गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा भी समूह सिख संगत भाइयों बहनों के सहयोग प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विगत कई दिनों से परंपरागत आयोजन लगातार जारी है ! गत 2 माह से श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ तथा 11 दिनों से रोजाना प्रातः5 बजे से प्रभात फेरियो की श्रृंखला अनवरत जारी है ! इसी तारतम्य में आज बुधवार 13 नवंबर को गुरुद्वारा साहिब से दोपहर बाद 3 बजे श्री गुरुग्रथ साहिब की भव्य शोभा यात्रा तथा विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया है ! पंज प्यारों की अगुवाई में अरदास उपरांत शोभा यात्रा गुरूघर से आरंभ होगी ! भाइयों बहनों के कीर्तनी जत्थे कीर्तन तथा गुरबाणी गायन द्वारा आयोजन को सार्थकता प्रदान करेंगे ! शोभा यात्रा हेतु इस प्रकाश पर्व पर विशाल वाहन को सफेद रंग के आकर्षक गुरुद्वारे के रूप में तथा अति आकर्षक लाइटों एवं विद्युत झालरों द्वारा सुसज्जित किया गया है !

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा, जिला बलौदाबाज़ार भाटापारा (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202411211900006
ब/121 वर्ष 2024-2025
ग्राम का नाम सिंगारपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चेतन बंजारे पिता स्व. श्री हगरू बंजारे जाति सतनामी निवासी ग्राम सिंगारपुर प.ह.नं.21 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपने दादी श्रीमती सुन्दरबाई बंजारे पति श्री भगेला बंजारे माता का नाम श्रीमती दुकाला की मृत्यु दिनांक 12.04.1990 (स्थान) ग्राम सिंगारपुर का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत सिंगारपुर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निदेश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक. 22.11.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 22.11.2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भाटापारा (छत्तीसगढ़)

कैंसर का मुख्य कारण गुटखा या तम्बाकू मुख में दबाकर सो जाना

आईएसबीएम यूनिवर्सिटी में नेशनल फार्मेसी सप्ताह के तहत नेशनल कैंसर डे जागरूकता कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा 13 नवंबर। आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ़ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस के फार्मेसी विभाग के द्वारा नेशनल कैंसर डे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक फार्मेसी विभाग अध्यक्ष युगल किशोर राजपूत ने समस्त अध्यापकों को विद्यार्थियों के साथ नेशनल कैंसर डे जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में 62 से अधिक विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। नेशनल फार्मेसी सप्ताह के तहत नेशनल कैंसर डे जागरूकता कार्यक्रम पर प्रदर्शनी का मौखिक प्रस्तुति दी गई जिसमें सस्मिता सुनानी प्रथम पुरस्कार, मिथलेश साहू द्वितीय पुरस्कार ,एवं मोहम्मद रेयान अहमद खान तृतीय पुरुस्कार प्राप्त किया गया।

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर बीपी बोलाने बताया कि कैंसर का मुख्य कारण गुटखा या तम्बाकू मुख में दबाकर सो जाना ही सबसे खतरनाक कारण है। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. विश्वास ने बताया कि पुरुष वर्ग में माउथ कैंसर, फेफडा कैंसर अधिक और महिला वर्ग में बेस्ट कैंसर अधिक प्रभावी है बताया गया।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के लिए फार्मेसी विभाग के विभाग अध्यक्ष श्री युगल किशोर राजपूत के माध्यम से दिया गया। साथ सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट का वितरण मुख्य अतिथि के हाथों से किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन टिकेंद्र कुमार साहू के द्वारा किया गया। हमारे इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखतः रूप से फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, डॉ अनुराग सिंह चौहान, ओमप्रकाश साहू, लुकेश्वरी वर्मा, विकास कुमार साहू, प्रतिभा जायसवाल, सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बी पी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एन. के. स्वामी सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाए ए फार्मेसी विभाग के द्वारा नेशनल कैंसर डे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक फार्मेसी विभाग अध्यक्ष युगल किशोर राजपूत ने समस्त अध्यापकों को विद्यार्थियों के साथ

एक नजर

वाट्सअप में फर्जी डीपी लगाकर 5 लाख की ठगी

रायपुर, 13 नवम्बर। अज्ञात आरोपी ने वाट्सअप पर फर्जी डीपी लगाकर 5 लाख रुपए ऐंठ लिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सन्नी जुमनानी 41 वर्ष कविताननगर अवंतिविहार खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने सिविल लाइन थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने 97276-30576 वाट्सअप में प्रार्थी के भाई पुनीत परवानी का डीपी लगाकर फोन किया और 5 लाख रुपए ऐंठकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर, 13 नवम्बर। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सतनामीपारा तेलीबांधा निवासी प्रार्थिया रामेश्वरी चेलक 35 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि उसका बेटा अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलवी 8096 को लाभांडी शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम जरौद निवासी प्रार्थी बेनीराम साहू 63 वर्ष ने राजेन्द्र नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केएफ 2947 को ग्राम गौरभाठा में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मालवाहक की टक्कर से स्कूटी सवार छात्रा का पैर कटा

रायपुर, 13 नवम्बर। यूनिवर्सिटी रोड मेन गेट के अंदर अज्ञात माल वाहक ऑटो ने स्कूटी सवार दो कॉलेज छात्राओं को टक्कर मार दिया। इस हादसे में एक छात्रा का पैर कटकर अलग हो गया। मामले में सरस्वती नगर पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सुनीता प्रजापति 52 वर्ष संतोषीनगर कृष्णानगर टिकरापारा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि प्रार्थिया की बेटी प्रियंका प्रजापति अपनी सहेली पूजा साहू के साथ स्कूटी से कॉलेज से नास्ता करने निकली थी, तभी यूनिवर्सिटी रोड मेन गेट के अंदर अज्ञात मालवाहक ऑटो ने स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिससे प्रियंका का पैर कटकर अलग हो गया। वहीं उसकी सहेली घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात मालवाहक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

लाखों रुपए का माल लेकर ट्रक चालक फरार

रायपुर, 13 नवम्बर। श्री राम रोलिंग मील यूनिट 3 भनपुरी से लाखों रुपए का माल लेकर निकला ट्रक आज तक अपने गंतव्य स्थान पर नहीं पहुंचा। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अमानत का ख्यानत मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संदीप कुमार उपाध्याय 37 वर्ष रामेश्वर नगर भनपुरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि श्रीराम रोलिंग मील यूनिट 3 से ट्रक क्रमांक जीजे 12 सीटी 7776 के चालक ने 24.85 टन माल लेकर महाराष्ट्र के लिए रवाना हुआ। जो आज तक अपने माल को गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंचा। आरोपी ट्रक चालक उमर ओडेजा 13 लाख 70 हजार 301 रुपए का माल लेकर फरार हो गया। मामले में खमतराई पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर, 13 नवम्बर। तेलीबांधा पुलिस ने सुभाष नगर सुलभ के पास दबिश देकर गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 किलो 608 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुभाष नगर सुलभ के पास दबिश देकर आरोपी करण वर्मा 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 किलो 608 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

निधन

गोपाल वोरा

रायपुर। बूढ़ापारा निवासी वरिष्ठ पत्रकार श्री गोपाल वोरा (81 वर्ष) का आज सुबह 9 बजे निधन हो गया। वे राजेश वोरा और मनीष वोरा के पिता थे। अंतिम यात्रा आज दोपहर 1 बजे डीडी नगर, एमआईजी-27, सेक्टर 3 से निकाली जायेगी। अंतिम संस्कार मारवाड़ी शमशान घाट में होगा। श्री वोरा ने राजधानी से प्रकाशित विभिन्न समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं दी थीं। वे रायपुर प्रेस क्लब के संस्थापक सदस्यों में से थे और कई बार पदाधिकारी भी रहे।

रायपुर दक्षिण विस उप चुनाव

कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशी ने किया सपरिवार मतदान

रायपुर 13 नवंबर। भाजपा रायपुर दक्षिण के प्रत्याशी सुनील सोनी ने परिवार के साथ नयापारा के मतदान केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने सुबह-सुबह अपने परिवार के साथ सुंदर नगर स्थित पंडित सुंदर लाल शर्मा स्कूल में मतदान किया. इसके पहले आकाश शर्मा ने मंदिर में हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। आकाश शर्मा ने मतदान देने के बाद कहा कि सुनील सोनी निष्क्रिय प्रत्याशी हैं. आज मैने पूरे परिवार के साथ मतदान किया है. इस बार रायपुर दक्षिण की जनता युवा को ही सुनेगी. वहीं उनकी पत्नी ने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल आठ बार से यहां विधायक थे. लेकिन कोई काम यहां पर नहीं हुआ है. इस बार रायपुर दक्षिण की जनता की सोच बदल रही है. इस बार अनुभवी को न चुनकर युवा को मौका मिलेगा. आकाश शर्मा के पिता ने कहा कि आकाश शर्मा विकास की सोच के साथ रायपुर दक्षिण में लगातार लोगों के बीच गया है. बहुत मेहनत की है. एक-एक व्यक्ति से उन्होंने मुलाकात की है. इस बार सभी की सोच यही है. कि आकाश शर्मा को रायपुर दक्षिण से जीताना है. वहीं उनकी माता ने सभी से अपील करते हुए कहा कि इस बार आकाश शर्मा को ही वोट दें।

मुख्यमंत्री साय ने की माँ चन्द्रहासिनी की पूजा-अर्चना

रायपुर, 13 नवम्बर । मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज सक्ती जिले के चंद्रपुर में विराजित माँ चन्द्रहासिनी मंदिर में देवी माँ के दर्शन के लिए पहुंचे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने मंदिर में माँ चन्द्रहासिनी के दर्शन कर विधिविधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, जिला पंचायत सदस्य श्री टिकेश्वर गबेल, कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

फिटजी परीक्षा बिग बैंग एज टेस्ट 17 को

रायपुर 13 नवंबर। शिक्षा के क्षेत्र में अपने योगदान और नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाते हुए, देश में जेईई और अन्य प्रतियोगी और शैक्षणिक परीक्षाओं के लिए अग्रणी कोचिंग संस्थान फिटजी ने कक्षा 5 से 11 तक के छात्रों के लिए प्रतिष्ठित बिग बैंग एज (बीबीई) टेस्ट 2024 की घोषणा की है। बिग बैंग एज टेस्ट एक वैज्ञानिक रूप से डिज़ाइन किया गया डायग्नोस्टिक टूल है, जो छात्रों की 3600-शैक्षणिक क्षमता का मूल्यांकन करेगा ताकि वे अपने शैक्षणिक कौशल और झुकाव के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। अपने विभिन्न नवीन दृष्टिकोणों के माध्यम से, यह पिछले 32 वर्षों से शिक्षा में क्रांति ला रहा है। इसके ऐसे नवाचारों में से एक छात्रों के आईक्यू, योग्यता और विश्लेषणात्मक कौशल का वैज्ञानिक निदान है, जो छात्रों को उनकी शैक्षणिक क्षमता का 3600 विश्लेषण देता है। फिटजी छात्रों की शैक्षणिक क्षमता का वैज्ञानिक रूप से निदान करने वाला पहला और एकमात्र संस्थान है। बिग बैंग एज टेस्ट 17 नवंबर 2024 को ऑफलाइन मोड और ऑनलाइन प्रॉक्टर्ड मोड में और 18 नवंबर 2024 को पूरे देश में केवल ऑनलाइन प्रॉक्टर्ड मोड में आयोजित किया जाएगा। वर्तमान में कक्षा पांचसी से ग्यारवीं के छात्र परीक्षा में बैठने के पात्र हैं। पंजीकरण जल्द ही खुल जाएगा, और छात्रों को वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन या किसी भी फिटजी केंद्र पर जाकर ऑफ़लाइन पंजीकरण करना होगा और पंजीकरण शुल्क नकद में देना होगा।

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के पुख्ता इंतजाम, उपार्जन केंद्र पूरी तरह तैयार

■ इस बार 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है

रायपुर 13 नवंबर।धान खरीदी का उत्सव यानि की धान तिहार छत्तीसगढ़ में 14 नवंबर से शुरू हो रहा है. 14 नवंबर से 31 जनवरी 2025 तक धान खरीदी की प्रक्रिया चलेगी. कुल 33 जिलों में यह धान की खरीदी की जा रही है. राज्य सरकार ने साल 2024-25 के लिए 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान लगाया है. प्रदेश में 2058 सहकारी समितियां तथा 2739 धान उपार्जन केन्द्रों के जरिए इस बार धान खरीदी की बात राज्य सरकार कर रहा है. 3100 रूपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी की जाएगी.

धान खरीदी के लिए टोकन सिस्टम- इस बार धान खरीदी के लिए टोकन सिस्टम की व्यवस्था की गई है. कृषि विभाग के एकीकृत किसान पोर्टल के जरिए किसानों ने धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है. धान उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए बायोमेट्रिक व्यवस्था भी लागू की गई है. धान खरीदी के लिए साय सरकार ने सीमांत और छोटे किसानों के लिए टोकन की व्यवस्था भी की है. सीमांत और छोटे किसानों को अधिकतम दो टोकन दिए जाएंगे. इसके अलावा बड़े किसानों को अधिकतम तीन टोकन धान की खरीदी के लिए मिलेगा.

धान खरीदी केंद्र पर कैसे इंतजाम?- पूरे प्रदेश में धान खरीदी इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र स्थापित किया गया है. जिसके जरिए धान की खरीदी होगी. इसके अलावा धान खरीदी केंद्रों पर कंप्यूटर, प्रिंटर, यूपीएस, जेनरेटर और इलेक्ट्रॉनिक कांटे का इंतजाम किया गया है. बायोमेट्रिक मशीन, बारदानों की व्यवस्था, सीसीटीवी का इंस्टॉलेशन, किसानों के बैठने का इंतजाम और केंद्र पर पानी सहित अन्य व्यवस्था भी की गई है. धान खरीदी के लिए प्रदेश में 4.02 लाख गठान बारदाने की खरीदी की स्वीकृति भी दी गई है.

रायगढ़ में धान खरीदी के इंतजाम पूरे: रायगढ़ में धान खरीदी की तैयारी को लेकर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बैठक की. उन्होंने मीडिया को बताया कि इस साल रायगढ़ में 69 समितियों के 105 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी होगी. रायगढ़ जिले से सटे इलाकों में 13 चेकपोस्ट बनाए गए हैं. जो धान के अवैध परिवहन पर नजर बनाए रखेंगे. 24 घंटे निगरानी दल की तैनाती की गई है. धान खरीदी केंद्रों के समितियों में माइक्रो एटीएम की व्यवस्था की गई है. जिले में संचालित 69 सहकारी समितियों में अपेक्स बैंक के माध्यम से माइक्रो एटीएम सुविधा उपलब्ध कराई गई है. जिसमें किसान धान खरीदी के भुगतान का पैसा निकाल सकेंगे. धान खरीदी की लेकर किसानों में भारी उत्साह है. किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल की धान खरीदी होगी. रायगढ़ में इस बार कुल 5.95 लाख टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है. सरकार की नीतियों से किसानों में उत्साह है. किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी होगी. किसानों को समर्थन मूल्य के साथ 3100 रूपये मिलेंगे. इसे लेकर किसानों में दोगुनी खुशी है- घनश्याम पटेल, किसान, पुसौर

गरियाबंद में धान खरीदी की कैसी व्यवस्था: गरियाबंद में इस साल धान खरीदी को लेकर कई स्तर पर इंतजाम किए गए हैं. यहां 67 समितियों के तहत 90 केंद्रों के माध्यम से धान की खरीदी की जाएगी. 4341 नए किसानों सहित कुल 90771 किसान धान खरीदी की प्रक्रिया में शामिल होंगे. गरियाबंद जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, बायोमीट्रिक डिवाइस, आर्द्रतामापी यंत्र, रंग, सुतली, कंप्यूटर और प्रिंटर की व्यवस्था की गई है. कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने सभी धान खरीदी केंद्रों में बारदाने की उपलब्धता पर अधिकारियों से चर्चा की है. अवैध धान की खरीदी बिक्री को रोकने के लिए गरियाबंद के सीमावर्ती इलाकों पर चौकसी बढ़ाई गई है.

सूरजपुर में धान खरीदी के फुलप्रूफ इंतजाम: सूरजपुर में भी धान खरीदी की व्यवस्था फुलफूफ है. यहां 64 हजार 626 किसानों ने पंजीयन कराया है. कुल 54 धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी होगी. धान तिहार के शुरू होने को लेकर किसानों में खुशी का माहौल है. सूरजपुर जिला सरगुजा का अहम जिला है. यहां धान के साथ साथ कई अन्य फसलों की खेती होती है. यहां फूलों की खेती और सब्जी की खेती भी किसान करते हैं।

खाद्य मंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा की

रायपुर, 13 नवम्बर । खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने कहा कि प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की योजना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य में 14 नवंबर से धान की खरीदी शुरू होने जा रही है। धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मंत्री श्री बघेल ने आज अपने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में राज्य स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी व्यवस्था की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने मंत्री श्री बघेल को अवगत कराया कि धान उपार्जन के संबंध में संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। राज्य में 2739 उपार्जन केन्द्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान क्रय किया जायेगा। खाद्य मंत्री श्री बघेल ने बताया कि इस खरीफसीजन के लिए प्रदेश में पंजीकृत कृषकों की संख्या 27,01,109 है। इस वर्ष 1,35,891 नये किसान पंजीकृत हुए हैं, जिससे 1,36,263 हेक्टेयर नवीन रक्बों का पंजीयन किया गया है। कुल 34,51,729 हेक्टेयर रक्बे में पंजीयन अनुसार धान उपार्जन का अनुमान है। सभी उपार्जन केन्द्रों में बायोमैट्रिक डिवाईस के माध्यम से उपार्जन की व्यवस्था की गई है। छोटे, सीमांत और बड़े कृषकों के द्वारा उपजाये गए धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जाएगा। इसके लिए 07 नवंबर से ही टोकन आवेदन की व्यवस्था आरंभ कर दी गई है। खरीदी सीजन में लघु एवं सीमांत कृषकों को अधिकतम 2 टोकन एवं बड़े कृषकों को 3 टोकन की पात्रता होगी। मंत्री श्री बघेल ने बताया कि धान खरीदी अवधि 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 के दौरान किसान अपना धान खरीदी केन्द्रों में लाकर समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकते है। खरीदी केंद्रों में तौल हेतु इलेक्ट्रानिक कांटा-बांट की व्यवस्था किया गया है। खरीदी केंद्रों से धान का उठाव मिलर एवं परिवहनकर्ता के माध्यम से समयानुसार कराने के निर्देश दिये गये है। सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था से लेकर छांव, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है।

शिक्षा सचिव ने विद्यार्थियों को सिखाया कृत्रिम उपग्रह का विज्ञान

रायपुर 13 नवंबर। स्कूल शिक्षा सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने महासमुंद जिले के उड़ीसा सीमा से सटे वनांचल क्षेत्रों में स्थित विभिन्न विद्यालयों का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रों की शैक्षिक प्रगति, स्कूलों की सुविधाओं और शैक्षिक गतिविधियों का गहन अवलोकन किया। बच्चों के उत्साही उत्तरों से प्रभावित होकर श्री परदेशी ने उनकी समझ और ज्ञान की सराहना की। निरीक्षण के दायरे में आने वाले स्कूलों में हायर सेकेंडरी स्कूल बेलसोंडा, प्राथमिक शाला ओंकारबंद, पीएम श्री स्कूल खोपड़ी, मिडिल एवं हाई स्कूल खोपली, मिडिल और हाई स्कूल कसेकेरा, मिडिल स्कूल कुलिया, और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया शामिल थे। निरीक्षण के दौरान श्री परदेशी ने कुछ समय के लिए शिक्षक की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों को कृत्रिम उपग्रह के बारे में समझाया।

सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने वाले सम्मानित

रायपुर 13 नवंबर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह द्वारा प्रतिमाह सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद कर उनकी जान बचाने वाले गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाता है साथ ही इनके प्रचार-प्रसार के लिए शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, कलेक्टोरेट गेट एवं मरीन ड्राइव में होर्डिंग्स लगाई जाती है। इसी क्रम में माह अक्टूबर 2024 में सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने वाले 05 गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्तियों) को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतिक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बता दें कि देश में प्रति वर्ष सड़क दुर्घटना में लगभग डेढ़ लाख लोगो की असमय मृत्यु कारित होती है, जिसका प्रमुख कारण घायलों को त्वरित चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नही होने के कारण होता है। सड़क दुर्घटना के दौरान प्रथम 01 घण्टे का समय घायलों के लिए गोल्डन आवर होता है, इस दौरान यदि घायल व्यक्ति को किसी भी प्रकार से हास्पिटल तक पहुंचा दिया जाता है या फिर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करा दिया जाता है तो 90त्न मामले में घायल की जान बचाई जा सकती है। किन्तु आज के समय में अधिकांशतः व्यक्ति कानूनी लफड़े में नही पड़ने के चक्कर में घायल व्यक्ति की जान बचाने हेतु कोई उपाय नही करता, जिससे घायल व्यक्ति उपचार के अभाव में तड़प-तड़प कर घटनास्थल में ही दम तोड़ देता है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायुपर द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि थाना क्षेत्र में घटित सड़क दुर्घटना में घायल को त्वरित सहायता पहुंचाने हेतु गुड सेमेरिटन का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने एवं घायल को त्वरित सहायता पहुंचाकर जान बचाने वाले गुड सेमेरिटन को प्रोत्साहित व पुरस्कृत करने हेतु उपस्थित कराने निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में दिनांक 09 नवम्बर 2024 को जिले में घटित विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मद्द करने वाले गुड सेमेरिटन को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर डॉ. संतोष कुमार सिंह द्वारा मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही इनका शहर के प्रमुख मार्गो एवं चौराहों में बड़े-बड़े होर्डिंग में लगाकर प्रचार-प्रसार करने निर्देशित किया गया है।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधकों और कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

रायपुर 13 नवम्बर । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधकों और कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गई। मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर समिति कर्मचारियों की 6 वर्षों से लंबित वेतन वृद्धि की मांग को पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा 24 घंटे के भीतर पूर्ण करते हुए समिति कर्मचारियों के वेतन और भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गयी। इसके साथ ही अन्य 2 मांगों के संबंध में शासन स्तर पर अंतर्विभागीय समिति का गठन कर उचित कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय के पहल पर वर्ष 2018 के बाद पहली बार सहकारी समितियों के लगभग 13 हजार कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कर्मचारियों की मांगों पर स्वयं संज्ञान लेकर इनके निराकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये थे, इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री साय के समक्ष 10 नवम्बर को विभागीय अधिकारियों के साथ सहकारी समितियों के कर्मचारियों की मांगों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों की मांगों के शीघ्र निराकरण के संबंध में निर्देश दिये।

-समिति के कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि

मुख्यमंत्री के निर्देशों के परिपालन में आयुक्त सहकारिता विभाग द्वारा सहकारी समिति कर्मचारी सेवा नियम में संशोधन किये जाने के आदेश 11 नवम्बर 2024 को जारी कर दिये गए। इसमें समिति के कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि स्वीकृत कर दी गई है, जिसमें सभी कर्मचारियों में हर्ष एवं उल्लास व्याप्त है।

खाद्य विभाग द्वारा इस आशय का पत्र भी जारी कर दिया गया है कि धान उपार्जन समाप्त होने के एक माह के अंदर धान का उठाव राइस मिलर्स एवं विपणन संघ द्वारा किया जाएगा, यदि इसके पश्चात् भी उपार्जन केन्द्रों में धान शेष रहता है तो खाद्य विभाग द्वारा सहकारी समितियों को धान की सूखत दिये जाने संबंधी प्रस्ताव वित्त विभाग को प्रेषित किया जाएगा।

कर्मचारियों की अन्य मांग के निराकरण के संबंध में खाद्य विभाग, वित्त विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग एवं विपणन संघ को शामिल करते हुए एक अंतर्विभागीय समिति का गठन किया गया है, जो कर्मचारी संघ की मांग पर विचार कर निराकरण हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित करेगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा संवेदनशीलता के साथ सहकारी समितियों के कर्मचारियों की मांगों के निराकरण करने पर कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।सभी कर्मचारी अपनी-अपनी समितियों में कार्य में वापस आ गए हैं तथा 14 नवम्बर 2024 से प्रारंभ हो रही धान खरीदी की समुचित व्यवस्था में लग गए हैं। कर्मचारियों द्वारा यह भी आश्वस्त किया गया है कि किसानों को धान उपार्जन के दौरान किसी प्रकार की कोई कठिनाई नही होगी। धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक तैयारी 13 नवम्बर 2024 तक पूर्ण कर ली जाएगी। आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं कुलदीप शर्मा द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ धान उपार्जन सुगमतापूर्वक किये जाने के निर्देश सभी विभागीय कर्मचारियों-अधिकारियों को दिये गये हैं। धान उपार्जन के दौरान उपार्जन केन्द्रों का सतत् निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण के निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दिये हैं।

शादियों के सीजन में 3,000 करोड़ का व्यापार संभावित

रायपुर 13 नवंबर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर प्रदेश में अगले 16 दिसंबर तक शादियों के सीजन में लगभग 3,000 करोड़ का अतिरिक्त व्यापार संभावित है। आज शादियों के सीजन का पहला दिन है, जो 18 दिनों तक चलेगा। इस अवधि में पूरे प्रदेश सहित देश भर में लगभग 48 लाख शादियाँ होने का अनुमान है जो व्यापारिक गतिविधियों में जबरदस्त वृद्धि लाएगा और अगले एक महीने से अधिक समय तक प्रदेश सहित देश में गाजे बाजे की आवाज़ सुनाई देगी। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि देव के उठने के बाद से ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाती है और इसीलिए इस दिन से शादियों के शुभ मुहूर्त भी शुरू होते हैं। शादी के सीजन में कपड़े, आभूषण, सजावट, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, उपहार और खानपान जैसी विभिन्न श्रेणियों के व्यापार में बड़ी वृद्धि होती है वहीं बड़ी मात्रा में विभिन्न प्रकार के सेवा प्रदाताओं को भी बड़ा व्यापार मिलता है वहीं बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर भी मिलते हैं। कैट के एक अनुमान के अनुसार, इस शादी के सीजन में व्यापार से लगभग 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होगा जो प्रदेश सहित देश के आर्थिक एवं सामाजिक ढाँचे को मजबूत करेगा। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने कहा कि यह सीधे तौर पर भारत की अर्थव्यवस्था में सनातन अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण प्रतिभाग को दर्शाता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26